* ओड़िशा संस्करण

01 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 132

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा, केजरीवाल ने मंजूर किया











## हेमंत सरकार ने नियोजन नीति पर युवाओं से ली थी राय

# 2016 के पहले वाली नीति के आधार पर नियुक्ति के पक्ष में 73 प्रतिशत युवा

- 1932 की खतियान आधारित नियोजन नीति का प्रस्ताव राज्यपाल ने किया था वापस
- वर्तमान सरकार ने स्थानीय भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की जानकारी को नियोजन नीति से जोड़ने का किया था प्रयास



### सात लाख से अधिक युवाओं से ली गयी राय

जानकारी के अनुसार क्योंकि पूर्व की सरकार के समय लायी गयी नियोजन नीति को भी न्यायालय द्वारा रद्द करने का आदेश पारित किया जा चुका था, ऐसे में युवाओं की राय जाननी थी कि क्या तात्कालिक तौर पर पूर्व की नियोजन नीति 2016 से पहले वाली के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार ने भारत सरकार की 'मिनी रत्न' कंपनी को राय लेने का जिम्मा सौंपा। कंपनी ने राज्य के 7,33,921 युवाओं से इस मुद्दे पर राय ली। इसमें 73 प्रतिशत युवाओं ने 2016 से पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जतायी।

### 2016 के पहले वाली नीति के आधार पर नियुक्ति हो इस पर युवाओं की राय

कुल संपर्क किया गया: 7,33,921
हां में दिया जवाब: 73 फीसदी
नहीं में दिया जवाब: 16 फीसदी
नहीं कह सकते/नहीं जानते: 11 फीसदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार ने युवाओं से नियोजन नीति को लेकर राय ली थी। राज्य के युवा चाहते हैं कि नियोजन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो। सरकार द्वारा ली गयी राय में 73 फीसदी युवा 2016 से पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया चाहते हैं। सरकार अब इस दिशा में कदम बढ़ायेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में खतियान आधारित नियोजन नीति पर विधेयक पारित कर राज्यपाल के पास भेजा गया था। राज्य सरकार का इस संदर्भ में स्पष्ट मानना था कि 1932 की खतियान आधारित नियोजन नीति एवं पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची का संरक्षण मिल जाने के बाद ही बहाल किया जाये। इन परिस्थितियों में जब राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार का प्रस्ताव वापस कर दिया गया, ऐसे में एक तात्कालिक कदम की जरूरत को महसूस करते हुए राज्य के युवाओं से इस संबंध में राय जानने का प्रयास किया गया।

**स्थानीय भाषाओं एवं लोक-संस्कृति को जोड़ने का हुआ था प्रयास :** मालूम हो कि विधानसभा के शीत कालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि सरकार की मंशा थी कि राज्य में थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति में राज्य के आदिवासी और मूलवासियों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो। लेकिन नौजवान जो चाहेंगे, उसी मंशा के साथ सरकार जायेगी और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान किया जायेगा। ज्ञात हो कि वर्तमान सरकार ने स्थानीय भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की जानकारी को नियोजन नीति से जोड़ने का प्रयास किया था। साथ ही, राज्य में स्थित संस्थान से 10वीं /12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने की शर्त भी जोड़ी थी, जिसे कुछ लोगों एवं दूसरे राज्य के अभ्यर्थियों के द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गयी थी।

**युवाओं के मत को जानने की हुई आवश्यकता :** मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य अलग होने में लंबा समय लगा। राज्य के लोगों के लिए हितकारी नियोजन नीति लाने के उद्देश्य ने सरकार ने कदम बढ़ाया था, जिसे वापस कर दिया गया। स्थानीय युवाओं, भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की शर्त देश के विभिन्न राज्यों में लागू हैं। भाषा के संबंध में कई राज्यों में स्पष्ट नीति है, जो नियुक्ति प्रक्रिया का मुख्य आधार भी है। देश के लगभग सभी राज्यों ने अपने युवाओं को अपने यहां नौकरी में अवसर देने के लिए उपयुक्त नियोजन नीति बनायी है, परंतु, यह भी सच था कि नयी नीति लाकर नियोजन प्रक्रिया पूरी करने के क्रम में बहुत सारे अभ्यर्थियों की उम्र चली जाती। शिक्षक/पुलिस/कर्मचारी के बहुत सारे पद खाली हैं, ऐसे में राज्य में राज्य के युवाओं के मत को जानने की आवश्यकता महसूस की गयी, यह इसलिए कि ससमय नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा सके।

## अवैध खनन और मनी लांड्रिंग का मामला

# जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और डीएसपी प्रमोद मिश्रा को इडी ने फिर भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) अवैध खनन के जरिये 1000 करोड़ की मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मामले में इडी ने बिरसा केंद्रीय कारा के अधीक्षक और डीएसपी प्रमोद मिश्रा को समन भेजा है। आगामी 6 मार्च को प्रमोद मिश्रा और 7 मार्च को हामिद अख्तर को इडी कार्यालय में हाजिर होने के लिए कहा गया है। साहिबगंज के बड़हरवा टोल प्लाजा विवाद मामले की जांच कर रही इडी ने तत्कालीन बड़हरवा एसडीपीओ प्रमोद कुमार मिश्रा को तीसरी बार समन भेजा है। इसके पहले भेजे गये दो समन के बाद भी डीएसपी इडी के सामने हाजिर नहीं हुए थे।

बता दें कि राज्य सरकार ने इडी के अधिकारों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, उनकी याचिका एक दिन पहले ही खारिज हो चुकी है। उन पर आरोप है कि बड़हरवा के उक्त केस में उन्होंने 24 घंटे के भीतर आरोपित मंत्री आलमगीर आलम और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। इसमें मंत्री आलमगीर आलम, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित कई अन्य आरोपित बनाये गये थे।

### चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम फिर से चार दिनों की इडी रिमांड पर

रांची (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को कोर्ट ने एक बार फिर चार दिनों के लिए इडी के रिमांड पर भेज दिया है। कोर्ट ने इससे पहले वीरेंद्र राम को पांच दिनों के लिए रिमांड पर भेजा था। इडी ने रिमांड अवधि खत्म होने से पहले वीरेंद्र राम को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया और रिमांड बढ़ाने की अनुमति मांगी। रिमांड को लेकर दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फिर से चार दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी है।

### विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा अभी जेल में ही रहेंगे। हाइकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। मंगलवार को हुई सुनवाई में जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। पंकज मिश्रा को 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया गया था। पंकज मिश्रा ने हाइकोर्ट में जमानत याचिका दायर करते हुए अपनी खराब सेहत का हवाला दिया था। मेडिकल ग्राउंड को आधार बनाते हुए याचिका दायर की गयी थी, जिसे कोर्ट ने सुनवाई करते हुए खारिज कर दी। इडी कोर्ट ने पहले ही पंकज मिश्रा की जमानत याचिका को खारिज किया था। इसके बाद पंकज मिश्रा ने हाइकोर्ट का रुख किया था। इडी ने पंकज मिश्रा के खिलाफ साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन और मनी लांडरिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है।

### व्यवसायी प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज पिटीशन इडी कोर्ट ने की खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। 1000 करोड़ के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर मंगलवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पूर्व में मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया था। प्रेम प्रकाश की ओर से खुद को निर्दोष बताते हुए 21 फरवरी को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी थी। बता दें कि प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा और बच्चू यादव के खिलाफ इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है। इनमें से पंकज मिश्रा एवं बच्चू यादव के खिलाफ इडी कोर्ट ने आरोप गठित कर दिया है। लेकिन प्रेम प्रकाश की ओर से इडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किये जाने के कारण उसके खिलाफ आरोप गठित नहीं हो सका है।

# प्रदेश के चिकित्सक आज करेंगे कार्य बहिष्कार

- चिकित्सकों पर हमले के विरोध में उठाया कदम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में इन दिनों चिकित्सकों पर हो रहे हमले को लेकर राज्यभर के चिकित्सकों में आक्रोश है। बीते एक माह में राज्य के धनबाद, हजारीबाग, लोहरदगा, गढ़वा में चिकित्सकों पर हमले हुए हैं। वहीं रांची में सोमवार को डॉ अंचल कुमार पर एक अपराधी ने घर में घुस कर हमला कर दिया। घटना के बाद आइएमए-झासा और अन्य चिकित्सकों ने आपातकालीन बैठक बुलायी। निर्णय लिया गया है कि 1 मार्च (बुधवार) को राज्यभर के चिकित्सक कार्य बहिष्कार करेंगे। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी सेवा और अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज जारी रहेगा।

इधर, रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि चिकित्सा सेवा एक इमरजेंसी सेवा है। सीनियर डॉक्टरों से लेकर पीजी डॉक्टरों तक को सेवा बाधित नहीं करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने के लिए कहा गया है।

एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर इंडिया (एएचपीआइ) झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष योगेश गंभीर ने कहा कि 1 मार्च को आइएमए और झासा के आह्वान पर कार्य बहिष्कार का समर्थन किया जायेगा। इस दिन ओपीडी सेवाओं को ठप रखा जायेगा। किसी भी मरीज को चिकित्सक परामर्श नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, प्रताड़ना और हिंसक घटनाओं से हम सभी आहत हैं। राज्य सरकार अविलंब मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे, ताकि राज्य के चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मी सुरक्षित वातावरण में काम कर सकें।

## सदन की कार्यवाही : झारखंड विधानसभा बजट सत्र का दूसरा दिन

# नियोजन नीति, पांकी बवाल, वीरेंद्र राम समेत कई मुद्दों को विधायकों ने उठाया

- भाजपा ने नियोजन नीति पर किया प्रदर्शन, तो अनोखे अंदाज में पहुंचे झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन था। सदन की कार्यवाही सत्ता-पक्ष और विपक्ष के थोड़ी बहुत नोकझोंक के बीच कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से चली। प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण में सदस्यों ने अपनी बात रखी। वहीं सरकार ने सदस्यों के सवालों का जवाब भी दिया। दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भी सदस्यों ने अपनी बात रखी। हालांकि विपक्ष ने नियोजन नीति, पांकी संप्रदायिक दंगा, चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी समेत कई मुद्दों को उठाया और सरकार को घेरने की कोशिश की।

**भाजपा ने किया प्रदर्शन, लोबिन ने भी जताया विरोध :** सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा ने नियोजन नीति को लेकर भाजपा ने प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ क्रूर मजाक किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। वहीं, झामुमो विधायक लॉबिन हेब्रम ने भी नियोजन नीति, स्थानीयता, सीएनटी-एसपीटी आदि मुद्दों पर सरकार पर नाराजगी जाहिर की। वह कांवर लेकर विधानसभा पहुंचे थे। कांवर में दोनों ओर मटका लगा हुआ था। उन्होंने कहा इसमें सरकार की नीतियां पक रही हैं।



**प्रश्नकाल में विधायकों ने उठाये मुद्दा :** प्रशनकाल में विधायकों ने कई मुद्दों को उठाया। विधायक इरफान अंसारी ने जामताड़ा में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति का मामला उठाया। भाजपा जेपी पटेल ने वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों के महंगाई भत्ते का मामला, दीपिका पांडेय ने समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत रिसोर्स शिक्षक फिजियोथेरेपी शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने, मथुरा महतो ने 10+2 के विद्यालयों में राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र सहित अन्य विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति, भानु प्रताप शाही ने भवनाथपुर टाउनशिप में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर की स्थापना, अमित यादव ने मॉडल विद्यालयों में छात्रावास की सुविधा देने का मामला उठाया। सरकार के मंत्रियों ने सदस्यों के सवालों का जवाब दिया।

**पांकी संप्रदायिक दंगा और वीरेंद्र राम का मामाला उठा :** भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने पांकी में दो गुटों के बीच हुए बवाल मामले को सदन में उठाया। इस मामले में विधायक ने दोषियों की पहचान और उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधायक वीरंची नारायण ने उन्होनें सवाल किया कि सरकार बताए कौन है वीरेंद्र राम, किन दो मंत्रियों का संरक्षण इन्हें प्राप्त है।


(संबंधित खबर पेज-3 पर)





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

सर्राफा
| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,400 रु./10 ग्राम | |
| चांदी | 68,500 रु./प्रति किलो | |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# आम आदमी पार्टी से यह उम्मीद तो नहीं ही थी

## ■ जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की कोख से जन्म हुआ, अब उसी की गोद में बैठ गयी है

## ■ 10 साल में जितना विस्तार पार्टी का हुआ, उतना ही इस पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप भी लगे

**आज से 10 साल पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी के दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। आम आदमी पार्टी इस गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बता रही है, लेकिन उसका विरोध प्रदर्शन भारतीय राजनीति के उस पतनोन्मुख चेहरे को ही उजागर करता है, जिसमें आज भ्रष्टाचार का आरोपी सीना तान कर जेल जाता है। भारतीय राजनीति में इस पतन का प्रतीक भी आम आदमी पार्टी ही बन रही है, क्योंकि जिस पार्टी की सरकार के तीन मंत्री समेत दर्जन भर विधायक-पार्षद विभिन्न आरोपों में जेल में हैं, वह खुद को निर्दोष और बेदाग बता रही है। पहले यदि किसी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया जाता था, तो वह समाज में अपना चेहरा छिपाने लगता था, लेकिन आम आदमी पार्टी तो इसे एक अवसर बना रही है। वास्तव में आम आदमी पार्टी जिस वैकल्पिक राजनीति की बात कह कर सियासत के पथरीले रास्ते पर उतरी थी, आज रास्ता भटक चुकी है। भले ही वह दो राज्यों में शासन कर रही है, लेकिन उसकी राजनीति और उसकी सरकारों के क्रिया-कलाप कहीं से भी लोकप्रिय साबित नहीं हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा भले ही हासिल हो गया हो और उसकी चुनावी लोकप्रियता भले ही बढ़ रही हो, हकीकत में उसका चेहरा पूरी तरह दागदार हो चुका है। भारतीय राजनीति के लिए यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में आम आदमी पार्टी की सियासत के पहलुओं को टटोल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिसासी बवाल मचा हुआ है। उप मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर की हैसियत रखनेवाले मनीष सिसोदिया को सीबीआइ ने शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पूरे दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता इस गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। महज 10 साल पुरानी पार्टी अब पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। ऐसे में यह जानना बेहद दिलचस्प है कि आम आदमी पार्टी की पूरी कहानी क्या है, कैसे इसकी शुरुआत हुई और कैसे पार्टी का दायरा बढ़ा।

### ऐसे हुई थी पार्टी की स्थापना

2011 से समाजसेवी अन्ना हजारे ने लोकपाल बिल को लेकर आंदोलन शुरू किया था। इस आंदोलन में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी अरविंद केजरीवाल, पूर्व पत्रकार मनीष सिसोदिया समेत अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी कई हस्तियों ने शिरकत की। आंदोलन के दौरान कभी भी राजनीति में कदम न रखने की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल ने आंदोलन खत्म होते-होते नयी राजनीतिक पार्टी बनाने का एलान कर दिया। 26 नवंबर 2012 को केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, कुमार विश्वास, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव समेत कई लोगों ने मिल कर आम आदमी पार्टी की स्थापना की।

### ऐसे होता गया पार्टी का विस्तार

नयी पार्टी के गठन के एक साल के अंदर ही आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में सरकार बना ली। 2013 विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की 70 में से 28 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की। इस चुनाव परिणाम में कांग्रेस और भाजपा जैसी बड़ी पार्टियों को हराकर आप ने हर किसी को हैरान कर दिया। केजरीवाल ने तीन बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित को रिकॉर्ड वोटों से हराया। उस चुनाव में कांग्रेस को महज आठ सीटों पर ही जीत मिली। ऐसे में कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए आम आदमी पार्टी को बिना शर्त समर्थन देने का फैसला किया। इससे आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी का सफर ज्यादा दिन तक नहीं चला। 49 दिन बाद ही अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ नाता तोड़ लिया। एक साल तक इस केंद्र शासित राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा रहा। 2014 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने देशभर में अपने चार सौ उम्मीदवार उतार दिये। हालांकि पंजाब को छोड़ कर आप को कहीं भी सफलता नहीं मिली। पंजाब से आम आदमी पार्टी के चार उम्मीदवार लोकसभा पहुंचने में सफल हो गये। इससे पंजाब में पार्टी की राह खुल गयी। 2015 में दिल्ली में फिर से विधानसभा चुनाव हुए। आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में बड़ी ताकत से वापसी की। पार्टी ने 70 में से 67 सीटों पर चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया। पार्टी ने कांग्रेस के साथ ही भाजपा को भी तगड़ा झटका दिया। इसी तरह 2017 में पंजाब में आम आदमी पार्टी ने 20 सीटों पर जीत हासिल की। यह दिल्ली के बाहर आम आदमी पार्टी की दूसरी सबसे बड़ी जीत थी।



### पार्टी का विभाजन भी हुआ

जैसे-जैसे आम आदमी पार्टी का कद बढ़ता गया, वैसे-पैसे पार्टी में आंतरिक लड़ाई तेज हो गयी। 2015 में मिली जीत के बाद आम आदमी पार्टी में फूट शुरू हो गयी। प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव ने केजरीवाल पर सुप्रीम लीडर होने का आरोप लगाया। प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव और अजीत झा जैसे नेता को पार्टी से किनारे कर दिया गया। इसके बाद कुमार विश्वास और अरविंद केजरीवाल के रिश्ते में भी मतभेद उभरने लगे थे। 2018 में मतभेद इतने बढ़ गये कि कुमार विश्वास ने भी पार्टी छोड़ दी। दिल्ली में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने वाले अरविंद केजरीवाल का 2019 लोकसभा चुनाव में कोई जादू नहीं चला। दिल्ली की 70 में से 67 सीटों पर कब्जा होने के बावजूद पार्टी को लोकसभा की सभी सात सीटों पर भाजपा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में दिल्ली के बाद पंजाब में भी पार्टी को झटका लगा। पंजाब में 2014 में चार सीटें जीतने वाली पार्टी इस बार महज एक सीट पर ही जीत दर्ज कर सकी। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने साल 2020 में फिर से दिल्ली में दमदार वापसी की। इस चुनाव में पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीती। पिछली बार के मुकाबले सीटें कुछ कम जरूर हुईं, लेकिन केजरीवाल का जादू फीका नहीं पड़ा। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने कई राज्यों में चुनाव लड़े। हालांकि कुछ खास फायदा नहीं मिला। 2012 में शुरू हुई आम आदमी पार्टी महज 10 साल के अंदर देश के कई राज्यों में चुनाव लड़ चुकी थी। 2022 में पांच राज्यों में चुनाव हुए और इनमें से चार में आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में तो आप के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी, लेकिन पंजाब में बड़ी सफलता मिली। यहां आम आदमी पार्टी सरकार बनाने में कामयाब रही। आप को सूबे में 117 में से 92 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह गोवा में दो और गुजरात में पांच सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत मिली।

### राष्ट्रीय पार्टी का मिला दर्जा

आज की तारीख में आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है। दो राज्यों में आप की सरकार है। देशभर में 163 विधायक आम आदमी पार्टी के हैं। 10 राज्यसभा सांसद भी आप के हैं। सभी राज्यों में आम आदमी पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार कर लिया है। हाल ही में हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी आप ने भाजपा को हरा दिया है। आम आदमी पार्टी ने 250 में से 134 वार्ड में जीत हासिल की है। अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी का मेयर है। इसके अलावा चंडीगढ़, मध्यप्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों के नगर निकाय चुनाव में भी कई सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है।

### दर्जन भर नेता जेल में

राजनीति की पथरीली सड़क पर तेजी से आगे बढ़ रही आम आदमी पार्टी ने जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की थी, आज उसके दर्जन भर नेता या तो भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं या फिर जमानत पर हैं। मनीष सिसोदिया से पहले भी सत्येंद्र जैन, सोमनाथ भारती, जितेंद्र तोमर, अमानुतल्लाह खान और ताहिर हुसैन जेल जा चुके हैं। सिसोदिया पर शराब नीति के नाम पर घपले के आरोप हैं, तो केजरीवाल के रिश्तेदार और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लांड्रिंग के आरोप में इडी की गिरफ्त में जेल में बंद हैं। इसके पहले अपनी पत्नी को पीटने पर विधायक सोमनाथ भारती जेल गये थे। फिलहाल वह जमानत पर हैं। वह दिल्ली सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। इसके बाद राशन कार्ड बनवाने आयी महिला से रेप के आरोप में तत्कालीन एससी-एसटी कल्याण मंत्री संदीप कुमार भी जेल की हवा खा चुके हैं। दिल्ली सरकार के कानून मंत्री रहे जितेंद्र तोमर ने तो फर्जी डिग्री ही जमा कर दी थी और इस आरोप में जेल भी जा चुके हैं। फिर विवादित विधायक अमानतुल्लाह ने वक्फ बोर्ड में धांधली की और जेल में हैं। आप के तत्कालीन पार्षद ताहिर हुसैन को दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोप में जेल भेजा गया था। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला, दिल्ली के मंत्री आसिम अहमद खान, विधायक प्रकाश जारवाल, और पार्षद गीता रावत को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इन सभी पर दंगा फैलाने से लेकर रिश्वत लेने और दूसरे तरह के आरोप हैं। ऐसे में यह साफ हो गया है कि आम आदमी पार्टी का चेहरा अब पूरी तरह बदरंग हो चुका है। वह देश की पहली ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसके इतने सारे प्रमुख नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार और अन्य गंभीर आरोप हैं। यह भी पहली बार हुआ है कि किसी सरकार के तीन मंत्री जेल में बंद हैं। हालांकि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वीकार कर लिया है। आम आदमी पार्टी का यह ढीठ रवैया किसी को पच नहीं रहा है। ऐसे में अब इस पार्टी का क्या होगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

---

फार्म-IV
(नियम 8, समाचारपत्र पंजीकरण (केंद्रीय) नियम 1956 के अंतर्गत)

आजाद सिपाही

1. प्रकाशन स्थान : रांची
2. प्रकाशन अवधि : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : हरिनारायण सिंह
(क) क्या भारत का नागरिक हैं ? : हां
(ख) यदि विदेशी है तो मूल देश : XXX
पता : 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
4. प्रकाशक का नाम : हरिनारायण सिंह
राष्ट्रीयता
(क) क्या भारत का नागरिक हैं ? : हां
(ख) यदि विदेशी है तो मूल देश : XXX
पता : 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
5. संपादक का नाम : हरिनारायण सिंह
राष्ट्रीयता
(क) क्या भारत का नागरिक हैं ? : हां
(ख) यदि विदेशी हैं तो मूल देश : XXX
पता : 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र. के स्वामी हैं तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हैं:
समाचार पत्र का स्वामी-लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि. के हिस्सेदार जिनके पास 01.02.2023 को कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है.
1. हरिनारायण सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
2. राहुल सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
3. राकेश सिंह, 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची-834001
मैं, हरिनारायण सिंह एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं.

ह./- हरिनारायण सिंह
प्रकाशक
दिनांक : 28.02.2023

# जल्द रांची लौटेंगे दिशोम गुरु शिबू सोरेन

**सेहत में हो रहा है तेजी से सुधार अंजली सोरेन ने कहा, बाबा जल्द लौटेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। शिबू सोरेन इस वक्त चेन्नई के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है और संभावना जतायी जा रही है कि जल्द ही वह रांची लौटेंगे। शिबू सोरेन से मिलने उनकी बेटी अंजली सोरेन पहुंची थीं। पिता के साथ तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखाः ईश्वर के आशीर्वाद से और आप सभी के प्रेम से बाबा के स्वास्थ्य में काफी सुधार आया है। बाबा का इलाज चेन्नई के अपोलो अस्पताल में चल रहा है। बाबा आप सभी के बीच जल्द ही वापस आयेंगे। 9 फरवरी को अचानक शिबू सोरेन को सांस लेने में तकलीफ हुई थी। इसके बाद उन्हें तुरंत रांची के मेदांता में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की सलाह पर शिबू सोरेन चेन्नई रवाना हो गये। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के फेफड़े और किडनी में इंफेक्शन की समस्या है। यहां चिकित्सकों की देखरेख में अब शिबू सोरेन की सेहत में काफी सुधार हो रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी बेटी द्वारा साझा की गयी तस्वीर पर दिमोश गुरु के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती कई लोगों की प्रतिक्रिया भी है।



**कोरोना संक्रमण के बाद सेहत पर दिखने लगा है असर**
शिबू सोरेन कोरोना से भी संक्रमित हुए थे। संक्रमित होने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी, तो रांची के मेदांता में भर्ती कराया गया था। इसके बाद गुरुग्राम के मेदांता में रेफर कर दिया गया था। यहां से पूरी तरह स्वस्थ होकर शिबू सोरेन रांची लौटे थे। रांची में एक बार फिर उनकी तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उन्हें चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब ताजा तस्वीर संकेत दे रही है कि दिशोम गुरु पूरी तरह स्वस्थ होकर जल्द रांची लौटेंगे।

# जेल में ही बीतेगी बाहुबली रामधीर सिंह की होली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विनोद सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता बाहुबली रामधीर सिंह की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसके बाद अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई होली के बाद निर्धारित की है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्यय और जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। रामधीर सिंह की ओर से अधिवक्ता सूरज सिंह और राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता नेहाला शर्मिन ने पक्ष रखा। इस समय रामधीर सिंह बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल, होटवार रांची में सजा काट रहे हैं। कतरास बाजार में वर्ष 1998 में कोयला कारोबारी विनोद सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए धनबाद कोर्ट ने 18 अप्रैल 2015 को यूपी के बलिया जिला परिषद अध्यक्ष रामधीर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। कोर्ट ने जब फैसला सुनाया, उस वक्त रामधीर सिंह उपस्थित नहीं थे।

# अदालत ने गवाह आइएएस राजेश पाठक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**बार-बार सम्मन करने के बावजूद नहीं हुए उपस्थित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने विचाराधीन जीआर वाद सं 615/ 10 एवं 616 /10 के गवाह भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी राजेश पाठक समेत पांच गवाहों पर गैर जमानती अधिपत्र जारी किया है। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के मनिका प्रखंड में हुए जेट्रोफा पौधारोपण घोटाला कांड की सुनवाई में बार-बार सम्मन करने के बावजूद निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर अदालत ने नाराजगी जतायी है। अभियोजन कार्यालय को कई बार इन्हें बुलाने हेतु निर्देश दिया गया। उनके नहीं आने से वर्ष 2010 से विचाराधीन इस मामले का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। मालूम हो कि करोड़ों रुपये के जेट्रोफा घोटाला प्रकरण में मनिका थाना में दो अलग-अलग मुकदमा मनिका थाना कांड संख्या 75/ 10 एवं 76/10 दर्ज किया गया था। जिसमें श्री पाठक जांच अधिकारी थे और तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी थे। श्री पाठक के अलावे तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका कैलाश प्रसाद साहू, पुअनि चंदन सिंह व मिथिलेश कुमार एवं राजेश्वर सिंह के विरुद्ध गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया है। मुकदमे की अगली सुनवाई दो मार्च निर्धारित की गयी है।

# मथुरा महतो के प्रयास से होगा पीड़ित बच्चे का इलाज

**विधायक ने परिजनों को सौंपा एक लाख रुपये का चेक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टुंडी के झामुमो विधायक और सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने मंगलवार रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती दो वर्षीय राजवीर महतो के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त एक लाख रुपये का चेक उनके पिता परेश कुमार महतो को सौंपा। राजवीर महतो हृदय रोग से पीड़ित है। परेश कुमार महतो डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम पोस्ट चपरी के रहनेवाले हैं।



परेश कुमार महतो, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, ने अपने पुत्र के समुचित इलाज के लिए मथुरा प्रसाद महतो से मिल कर इलाज में आर्थिक सहयोग की मांग की थी और उनसे कहा था कि समय रहते इलाज कराना जरूरी है। पैसे के अभाव में हम पुत्र का इलाज कराने में असमर्थ हैं। इसी आलोक में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया था। चेक मिलने पर परेश कुमार महतो ने मथुरा प्रसाद महतो का आभार जताया। मौके पर राजेश महतो एवं गणेश महतो मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1st Channel
YouTube Channel | Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.2 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.51 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.12 बजे |



## झारखंड विधानसभा बजट सत्र का दूसरा दिन, प्रश्नकाल में विधायकों ने सदन में उठाये कई मामले

# बीजेपी ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। इस बीच विधायक इरफान अंसारी ने जामताड़ा में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति का मामला उठाया। वहीं इसके जवाब में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से कुछ निर्देश आया है, उसी के अनुरूप बहाली की जायेगी। उन्होंने कहा कि जामताड़ा में आठ पद खाली हैं।

### शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों के महंगाई भत्ते का उठा मामला

बीजेपी विधायक जेपी पटेल ने वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों के महंगाई भत्ते का मामला सदन में उठाया। जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने इसे बढ़ाया है। जल्द ही रिपोर्ट आते ही मांग पूरी कर दी जायेगी। वहीं प्रश्न काल के दौरान कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत रिसोर्स शिक्षक फिजियोथेरेपी शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने का मामला सदन में उठाया। इसके जवाब में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि इस मामले में कमिटी का गठन किया गया है। रिपोर्ट आते ही तीन महीने में मानदेय में बढ़ोत्तरी की जायेगी।

**पांकी मामला भी सदन में उठा**

पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने सूचना के माध्यम से महाशिवरात्रि के दौरान पांकी में दो गुटों के बीच हुए बवाल मामले को सदन में उठाया। इस मामले में विधायक ने दोषियों की पहचान और उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बता दें, यह घटना शिवरात्रि के वक्त घटी थी, जिसमें किसी विशेष समुदाय के लोगों पर आरोप लगाया गया है। प्रश्न काल के बीच जेएमएम विधायक मथुरा महतो ने 10+2 के विद्यालयों में राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र सहित अन्य विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति का मामला उठाया। इसका जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि पदवर्ग समिति में मामला है, नियुक्ति का रास्ता जल्द ही साफ होगा।


**भानु प्रताप ने उठाया भवनाथपुर का मामला**

बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने भवनाथपुर टाउनशिप में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरिडोर के लिए भवनाथपुर में जमीन प्रस्तावित थी, जो गढ़वा डीसी के द्वारा मिली थी। अब इसमें बताया जा रहा है कि बोकारो से प्रस्तावित मंगवाया गया है और बोकारो-गढ़वा के प्रस्ताव पर समीक्षा की गयी, जिसके बाद वहां के विषय को हटा कर पूर्व कोरिडोर को बोकारो में लगाने का प्रस्ताव झारखंड सरकार द्वारा दिया गया है।

### बीजेपी ने नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की

बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने के पहले विपक्षी पार्टी ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस बीच उन्होंने राज्य में युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायकों ने राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ क्रूर मजाक किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। राज्य में जल्द नियोजन नीति लागू की जाये। भाजपा विधायकों का कहना था कि सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती है। इसलिए लगातार स्थानीय और नियोजन नीति को लटकाये हुए है। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि हर वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कह कर सत्ता में आयी हेमंत सरकार तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बना पायी है। भाजपा विधायकों ने कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा के विधायक सदन के अंदर और सदन के बाहर इस निकम्मी सरकार का पोल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में लूट की छूट है। चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है।

### अपनी ही सरकार के खिलाफ लोबिन, इरफान ने खोला मोर्चा





इसके अलावे अपनी ही सरकार के खिलाफ जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम और जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने धरना दिया। इस दौरान विधायक लोबिन हेंब्रम कांवर लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने सरकार से जमीन बचाने की गुहार लगायी। विधायक ने जो कांवर लायी थी, उसमें लिखा था: 'स्थानीय नीति लागू करो'। मौके पर विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार उनकी नहीं सुनती। जनता को यह सरकार भरमा रही है। जल, जंगल जमीन के नाम पर सत्ता में आयी हेमंत सरकार में इसी का दोहन हो रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बनायी गयी। युवाओं को झांसे में रखा जा रहा है। पेसा कानून का उल्लंघन हो रहा है। 1932 आधारित स्थानीय नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने युवाओं को झुनझुना थमाने का काम किया है। कहीं कोई काम नहीं हो रहा है। यह पूछे जाने पर कि आप तो अकेले हैं, जवाब में उन्होंने कहा कि हम तो एकला चले हैं, हमारा कारवां बढ़ता जायेगा। वहीं जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने पुल निर्माण को लेकर सदन के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि जामताड़ा में बरबेंदिया पुल कितना महत्वपूर्ण है, लेकिन वह पुल नहीं बनाया जा रहा है। अगर यह पुल बन जायेगा तो रांची से अगर आप जामताड़ा या साहिबगंज जायेंगे तो 80 किलोमीटर शॉर्ट रास्ता हो जायेगा। सड़के मैंने बनवा दी है। पुल नहीं बन पा रहा है। 14 लोगों की जान चली गयी है। एक साल पहले वादा किया गया था कि पुल बन जायेगा, लेकिन हम इसे लेकर विभाग के पास गये, तो उसे पता ही नहीं है कि बरबेंदिया है कहा। मुख्यमंत्री खुद इसको लेकर गंभीर हैं। वह भी चाहते हैं कि यह पुल बन जाये। इसलिए हमने धरना दिया है। अफसरों को चेताने के लिए, क्योंकि अफसरों के साथ ही सरकार चल रही है। वही नहीं सुनेंगे, सरकार को गुमराह करेंगे तो परेशानी में हम फंसते हैं। जनता के बीच जाते हैं, तो वह हमसे सवाल पूछती है। बगल में भाजपा के विधायक हैं, लेकिन उनको कोई मतलब नहीं है कि पुल बना कि नहीं। चुनाव आयेगा तो उनको तो एक मुद्दा मिल जायेगा कि इरफान अंसारी ने पुल नहीं बनवाया।

## मिल-बैठ कर निकालें समाधान : स्पीकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक भानु प्रताप शाही के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कुछ अहर्ताएं पूरी नहीं होने के कारण योजना में समय लग रहा है। केंद्र ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, जिसके बाद बोकारो से प्रस्ताव मांगा गया। इधर, इस मामले में बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही के प्रश्न पर विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने उन्हें मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ मिल-बैठ कर इसका समाधान निकालने को कहा।

जेएमएम विधायक सरफराज अहमद ने विभिन्न जिलों में शिक्षकों की कमी का मामला उठाया। साथ ही उन्होंने इसकी सूची राज्य सरकार से मांगी। इस पर जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने जल्द सूची दिलवाने का आश्वाशन दिया।वहीं निर्दलीय विधायक अमित यादव ने मॉडल विद्यालयों में छात्रावास की सुविधा देने का मामला उठाया। जिस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभी 30 मॉडल स्कूल में ये व्यवस्था लागू हो रही है, बाकी के लिए भी सरकार वैकल्पिक व्यवस्था पर काम कर रही है।

विधायक प्रदीप यादव ने भी इसी से जुड़ा सवाल सदन में उठाया। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग करते हुए इस योजना को ठोस तरीके से सफल करने की बात कही। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कुल 89 मॉडल स्कूल का प्रस्ताव है। सरकार की ओर से इसे बेहतर तरीके चलाने पर काम किया जा रहा है। कमियों को दूर किया जा रहा है।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर तीखी बहस हुई, आज भी होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र 2023 के दूसरे दिन की द्वितीय पाली में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण पर चर्चा हुई। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही 2.13 बजे शुरू हुई। विधानसभाध्यक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए समय आवंटित किया। अभिभाषण पर चर्चा बुधवार 1 मार्च तक होगी। झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने प्रस्ताव रखा और धन्यवाद ज्ञापन रामचंद्र सिंह ने पढ़ा। चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच जम कर खींचतान हुई। खास बात है कि आरोप और प्रत्यारोप के बीच मर्यादा की सीमा भी लांघी गयी। कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने चर्चा के दौरान भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण की ओर मुखातिब होकर कहा कि मुंह मत खुलवाइये, चुनाव के वक्त आपने क्या किया था, वह सबको मालूम है। यही नहीं, वाद विवाद के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच खूबियों और खामियों पर तथ्यों के साथ फोकस करने के बजाये ज्यादा समय तक छींटाकशी होती रही।

उमाशंकर अकेला ने भाजपा पर जम कर निशाना साधा, खासकर केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किये। वहीं भानु प्रताप शाही ने कहा कि लगता है उमाशंकर जी गांजा मार कर आये हैं। अध्यक्ष जी को एड्रेस करने के बजाय बार-बार उन्हें एड्रेस कर रहे हैं। इस पर सदन में ठहाका लगने लगा। चर्चा के दौरान टोकाटाकी का दौर जारी रहा। विरंची नारायण ने कहा कि मीडिया से जानकारी मिली है कि वीरेंद्र राम ने दो मंत्री का नाम लिया है, वे दोनों मंत्री कौन हैं। इस पर बन्ना गुप्ता ने विपक्ष से पूछा कि अडाणी के कौन हैं? विरंची नारायण ने कहा कि हमने तो आपका नाम नहीं लिया, फिर आप क्यों खड़े हो गये। उन्होंने कहा कि पंकज मिश्रा कौन हैं, वह जेल में हैं। राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन करते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि झूठी घोषणाएं तो भाजपा की सरकार करती आयी है। 2 अक्टूबर 2017-18 को बापू की जयंती के दिन झारखंड को ओडीएफ घोषित कर दिया, लेकिन सच्चाई क्या है, सबको मालूम है। झारखंड के 400 गांवों को डिजिटल घोषित कर दिया गया। दुग्धी गांव को कैशलेस घोषित किया। पीएम से मन की बात में इस जगह का 19 जिक्र भी करा दिया। यही नहीं कसमार ब्लॉक को पहला वाइफाई ब्लॉक घोषित कर दिया। यह सवाल जेपीएससी में भी पूछा गया। इस दौरान बिरंची नारायण ने आसान पर आरोप लगाया कि प्रदीप आवंटित समय से ज्यादा बोल रहे है। इसे रोका जाये। वहीं प्रदीप यादव बोलते रहे। इसके बाद बिरंची नारायण अपनी बात रखने आसान तक पहुंच गये। प्रदीप यादव को बोलने के लिए ज्यादा वक्त मिलने पर भाजपा की ओर से विरोध जताने पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि उनके दल का समय भी प्रदीप यादव को दिया गया है। इस पर प्रदीप यादव ने भाजपा विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर आपकी औकात है तो आप भी अपना समय बाबूलाल जी को दिला कर दिखायें।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाते हुए सरफराज अहमद ने कहा कि हमारी सरकार ने कई ऐसे काम और योजनाएं लायीं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य बनते ही कोविड आ गया। उस समय भी हमारी सरकार ने किसी को भूख से मरने नहीं दिया। हवाई जहाज से मजदूरों को लाया गया। कोविड खत्म होते ही सरकार काम पर लग गयी। सौ यूनिट फ्री बिजली, पांच से 25 लाख सीएम रोजगार लोन योजना, 13 लाख किसानों की लोन माफी, सर्वजन पेंशन योजना सहित कई काम शुरू हुए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नियोजन नीति लेकर आयी ,लेकिन लोग कोर्ट चले गये और वह खरिज हो गयी। हमारी सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 खतियान, स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड को सदन से पास कराया। महिलाओं को रोजगार देने की कई योजनाएं लेकर आये। हमारे बच्चे आज विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसलिए मैं राज्यपाल के अभिभाषण के प्रति धन्यवाद देता हूं।

### सरकार की सोच का प्रतिबिंब है राज्यपाल का अभिभाषण : प्रदीप यादव



विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार की सोच का प्रतिबिंब है राज्यपाल का अभिभाषण। कहा कि पूर्व की सरकार में सिर्फ गलत बातों को राज्यपाल से कहवाया जाता था लेकिन अब वही बात अभिभाषण में आती है जो सच है। कहा कि भाजपा की सरकार में अमीरों के लिए काम होता था लेकिन हमारी सरकार में गरीबों के लिए काम होता है। भाजपा में चंद अमीरों की बातें होती हैं।

### कैबिनेट की बैठक अब 2 मार्च को

रांची। राज्य कैबिनेट की बैठक में एक बार फिर बदलाव हुआ है। 1 मार्च को होनेवाली बैठक को स्थगित करते हुए अब 2 मार्च को निर्धारित किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया कि 1 मार्च की शाम पांच बजे होनेवाली मंत्रिपरिषद की बैठक अब गुरुवार 2 मार्च की शाम पांच बजे या विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी

**कर्क** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### राज्यपाल से झूठ का पुलिंदा पढ़वाया गया : बिरंची नारायण



**रांची।** बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में भोजनावकाश के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक सह विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्यपाल से झूठ का पुलिंदा सदन में पढ़वाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। सरकार का पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। कोई विभाग ऐसा नहीं है, जहां भ्रष्टाचार की गंगोत्री नहीं बह रही हो। कहा कि मुख्यमंत्री के पास उद्योग विभाग है, लेकिन उद्योग का स्वरूप बदल गया है। उद्योग ने तबादला का रूप ले लिया है। राज्य में अधिकारियों की बोली लगायी जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताये कौन है वीरेंद्र राम, किन दो मंत्रियों का संरक्षण इन्हें प्राप्त है। कहा कि पूजा सिंघल, वीरेंद्र राम, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, विभूति नारायण, पंकज मिश्रा को किसका संरक्षण प्राप्त है। सरकार नहीं बता सकती। क्योंकि इन सभी भ्रष्टाचारियों को सरकार का ही संरक्षण प्राप्त है। राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। राज्य के पुलिस, डॉक्टर, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। रांची में हुए दंगा के आरोपी को एयरलिफ्ट करा कर इलाज कराया जाता है, लेकिन दुमका की आदिवासी बेटी का इलाज सरकार नहीं करा सकी। कानून को मजाक बना कर रख दिया गया है।

## डॉ लंबोदर महतो ने की 1932 आधारित स्थानीय नीति की वकालत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा नियमावली नहीं होने और निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को बहाल नहीं किये जाने को लेकर स्थगन का प्रस्ताव भी लाया**



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन के माध्यम से राज्य सरकार से राज्य की 3.5 करोड़ जनता के हित में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति लागू करने की वकालत शून्यकाल में की है। साथ ही इसको लेकर कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि झारखंड सरकार 14 सितंबर 2022 को राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिये जाने के पश्चात 11 नवंबर 2022 को झारखंड राज्य की 3.5 करोड़ जनता के हित में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति संबंधित विधेयक विधानसभा से पारित होने के बाद भी अब तक अधिनियम नहीं बन सका है और अब तक झारखंड राज्य में लागू नहीं हो पाया है। इसके कारण राज्य में 12 हजार से ज्यादा बहाली रद्द हो गयी है। साथ ही 16 दिसंबर 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा नियोजन नीति रद्द किये जाने तथा नयी नियोजन नीति अब तक नहीं बन पाने के कारण 3 लाख 59 हजार से ज्यादा रिक्तियों पर नियुक्ति नहीं हो पा रहा है। साथ ही उन्होंने कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर सदन के माध्यम से राज्य सरकार से स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा संचालन नियमावली तथा निजी क्षेत्रों की कंपनियों में 40 हजार तक वेतन पाने वाले पदों पर 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को बहाल करने पर चर्चा कराये जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा सरकार की असंवैधानिक जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा संचालन नियमावली को रद्द किये जाने के कारण 11 लाख से अधिक आवेदन तथा 11 हजार से ज्यादा पदों पर नियुक्ति रद्द हो गई है वर्तमान में सरकार के पास कोई स्थानीय नियोजन नीति एवं जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा संचालन एवं नियमावली नहीं रहने के कारण 3 लाख 59 हजार से ज्यादा पदों की रिक्तियां नहीं भरी जा रही है।

**JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED**
**JSFC BHAWAN, KADRU MAIN ROAD, RANCHI-834002**

पत्रांक : 864 | **NIT** | दिनांक : 28.02.2023

Short Tender Notice for Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement/ Tender notice/ Display notice/ Booklet/ etc. through e-tender followed by Reverse e-auction

| | |
|---|---|
| Tender Ref. No. | |
| Description | Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement/ Tender notice/ Display notice/ Booklet/ etc |
| Tender start date | 01.03.2023 |
| Last date ard time for submission of Tender | 11.03.2023 |
| Date and time for opening of tender | 13.03.2023, 3.00 P.M. |
| Website for downloading RFP Document, Corrigendum/addendums etc. | https://jhtenders.eproc.in |
| Tender Fees | Rs.1000 in the Account of |
| EMD | Rs.10000 in the Account of |
| Bank Details | Account Holder- **Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation Limited.** Bank Name- **IndusInd Bank,** Account No.- **100172871641** IFSC -INDB0000030 |

ज्ञापांक-04/रा.खा.नि./विविध/2/2023-865, रांची
दिनांक-28.02.2023

Sd/- Managing Director
(JSF & CSCL)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel




# नियोजन नीति : एक बार फिर हेमंत सरकार नया ड्रामा करने जा रही है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने मंगलवार को विधानसभा में मीडिया से बातचीत में सरकार पर युवाओं की भावना से खेलने का आरोप लगाया। सुदेश महतो ने कहा कि जिस तरह से नियोजन नीति लायी गयी थी वह अनुचित थी। उस समय भी हम लोगों ने इसी जगह आशंका जतायी थी कि नियोजन नीति कितनी कारगर होगी, एक बार फिर हेमंत सरकार नया ड्रामा करने जा रही है। देखना होगा कि यहां के युवाओं के लिए सरकार जो नयी नियोजन नीति ला रही है यह कितना कारगर साबित होती है।

# परंपरा और संस्कार के लिए जाने जाते हैं आदिवासी: बंधु

**झारखंड में जी-20 के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत, हम हमेशा दुनिया के साथ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड को अपनी परंपरा और संस्कार के लिए न केवल पूरी दुनिया में जाना जाता है, बल्कि यह देश का ऐसा अभिन्न हिस्सा है, जिसके बिना जनजातीय संस्कृति पूरी हो ही नहीं सकती। तिर्की ने कहा कि विश्व के अलग-अलग हिस्सों और देशों से आये सभी प्रतिनिधियों का झारखंड में स्वागत है।

हम आदिवासी, मूलवासी सहित झारखंड के सभी लोग न सिर्फ अपनी बल्कि पूरी दुनिया के उज्जवल भविष्य के लिए हर कदम पर दुनिया के साथ हैं। कहा कि आपसी गठजोड़, सहयोग, सहभागिता और पूरी दुनिया के समन्वित, संतुलित और पर्यावरण के अनुकूल विकास को बढ़ावा देना ही जी-20 के सभी देशों का मुख्य उद्देश्य है।

तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी मेहमान डिलीगेट्स आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक समानता और आर्थिक विषमता को दूर करने के दृष्टिकोण से वैसे महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लेंगे जो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच और सहयोग को बढ़ावा देना हमारी सोच में सबसे ऊपर है। कांग्रेस तथा कांग्रेसियों ने न केवल देश को स्वतंत्र कराने में अपना सबसे ज्यादा योगदान दिया है, बल्कि स्वतंत्रता के तत्काल बाद भारत को आधुनिक, शक्तिसंपन्न और दुनिया के केंद्र के रूप में विकसित करने की पृष्ठभूमि में भी कांग्रेस के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि केंद्र सरकार न केवल देश में समावेशी विकास को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि आदिवासियों के कल्याण के लिए भी पूरे समर्पण के साथ वैसी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करेगी, जिससे सभी का कल्याण हो सके। इस मामले में विशेष रूप से झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और सभी लोग पूरे मन से हर कदम पर सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

# लोबिन तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं : विजय शंकर नायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंगलवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि लोबिन हेंब्रम आप संघर्ष करो झारखंडी जनता तुम्हारे साथ है। नायक ने ये बातें विधानसभा में बोरियों के विधायक एवं झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक लोबिन हेंब्रम द्वारा राज्य में हो रही जमीन लूट की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु कांवर यात्रा करने पर कहीं। उन्होंने कहा कि विधायक लोबिन हेंब्रम बराबर झारखंड की माटी की आवाज को बुलंदी के साथ सड़क से सदन तक उठाने का काम कर रहे हैं। वह झारखंड के दलित, आदिवासी और मूलवासी समाज के हितों के लिए संघर्ष करने का कार्य कर रहे हैं। यह स्वागतयोग्य कदम है, उन्हें इस कार्य के लिए जितनी बधाई दी जाये, वह कम है। चाहे आज खतियान आधारित स्थानीय नीति हो, चाहे स्थानीय नियोजन नीति हो, चाहे सीएनटी एसपीटी एक्ट का मामला हो, चाहे पेसा का मामला हो, चाहे जमीन लूट का मामला हो, चाहे झारखंडी अस्तित्व पहचान का विषय हो, चाहे मरांगबुरू का सवाल हो, सभी विषयों पर लोबिन हेंब्रम विधायक ने अपनी आवाज को बुलंद करने का काम कर झारखंडी समाज के लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाने का काम किया है।

## वैश्य मोर्चा का विधानसभा के समक्ष 'आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो' महाधरना

# पिछड़ों का संवैधानिक अधिकार है 27 प्रतिशत आरक्षण : महेश्वर साहू

**कई जिलों से वैश्य मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को ओबीसी को 27% आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों, दुकानदारों की 10 लाख तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे हमले, शोषण-दमन, अत्याचार, हत्या, रंगदारी के खिलाफ विधानसभा भवन के समक्ष एक दिवसीय 'आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो' महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महाधरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। इस महाधरना कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया। पटना से आये अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संस्थापक एवं लेखक डॉ विनोद कुमार सिन्हा अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर महाधरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। जब तक ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं मिल जाता है, वैश्य मोर्चा झारखंड से लेकर दिल्ली तक लड़ाई जारी रखेगी। महाधरना के अंत में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार से मांग की गयी कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27% आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन करने, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के हत्यारों, शोषकों पर कठोर कार्रवाई की जाये। इस कार्यक्रम में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सहदेव चौधरी, उप-प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद साहू, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, हरिनाथ साहू, केंद्रीय संगठन सचिव अनिल वैश्य, लखन अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य नरेश साहू, कृष्णा साहू, महावीर साहू, आशीष कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू, संजय साहू, रंजन साहू, आदित्य कुमार, पवन कुमार साहू, शैलेश साहू, अमन साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय श्री श्याम अमृत महोत्सव की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के 51 वें स्थापना दिवस पर पंच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को हुई। इस अवसर पर सुबह 5 बजे मंदिर के पट खोले गये। सभी देवी, देवताओं को मंत्रोच्चार के साथ जागृत कर मंगला आरती की गयी। इसके बाद सभी को बाल भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। लाल गुलाब, डालिया स्टार, रजनीगंधा, चेरी और गेंदा फूल की मोटी-मोटी मालाओं से खाटू नरेश का मनोहारी दिव्य श्रृंगार किया गया। यह श्रृंगार मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा व मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में किया गया। इस दौरान श्री हनुमान जी महाराज सहित अन्य सभी देवी देवताओं का भी विशेष श्रृंगार किया गया। सभी को नवीन वस्त्र पहनाये गये। सुबह 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गयी। जिसमें दर्शन और आरती लेने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन आचार्य अनूप दाधीच के सानिध्य में श्री गणेश पूजन ध्वज यज्ञ, ध्वज स्थापना, आरती करके प्रसाद वितरण किया गया।

श्रेष्ठ हनुमान शरण सिंघानिया के सुपुत्र राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया व हर्ष सिंघानिया ने अपने परिवारजनों के साथ उपरोक्त अनुष्ठान संपन्न करवाया। प्रथम पांच ध्वजा को हरमू रोड भ्रमण कराकर मंदिर के शिखर पर सिंघानिया परिवार ने स्थापित किया। श्री गणेश पूजन अनुष्ठान में बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। वहीं प्रथम दिवस के द्वितीय पाली में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आस्था उमड़ पड़ी। श्री सुंदरकांड की चौपाई से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। धनबाद से आये पंकज मोदी व पंकज सांवरिया के नेतृत्व में श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। जिसमें 400 से ज्यादा भक्तों ने पाठ किया। इस दौरान भक्त झूमते रहे। नृत्य करते रहे भक्तजनों पर इत्र का निरंतर छिड़काव किया जा रहा था। वहीं कोकर निवासी उर्मिला जैन व अजय जैन ने अपने परिवार के साथ हनुमान जी महाराज की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, केला, फल, नारियल, मगही पान, बुंदिया, भुजिया का भोग अर्पित करके सुगंधित इत्र चढ़ाकर अपने परिवार के मंगल की प्रार्थना की। राजेश सिंघानिया ने हनुमान जी के प्रिय रोट का भोग चढ़ाया हनुमान जी महाराज की पावन अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तजन हनुमानजी की आराधना में लीन रहे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण जी, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, संजय सराफ, श्याम सुंदर शर्मा, पंकज गाड़ोदिया, विकास मोदी, अरविंद सोमानी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# पूर्व रेलवे में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पूर्व रेलवे में जुलाई-सितंबर एवं अक्टूबर-दिसंबर, 2022 तिमाही की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक महोदय अरुन अरोरा की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई।

बैठक में समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) पीसी डांग ने हिंदी को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए धन्यवाद दिया। बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी देश के अधिकतर लोगों की मातृभाषा ही नहीं बल्कि करोड़ों लोगों के बीच संवाद स्थापित करने वाली एक संपर्क भाषा भी है। जब हम अपने-अपने कार्यक्षेत्र में हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं तब हम अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करने के साथ-साथ देश की आम जनता तक विविधता में एकता का संदेश पहुंचाने का भी काम करते हैं। मुख्य राजभाषा अधिकारी अशोक माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यालय पूर्व रेलवे अहिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित है। अहिंदी भाषी क्षेत्र होने के कारण यहां राजभाषा के रूप में हिंदी को लागू करना एक चुनौती भरा कार्य है। पूर्व रेलवे में समय से बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता को महाप्रबंधक ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री पीसी डांग ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## श्री महावीर मंडल की वार्षिक बैठक में रामनवमी महोत्सव को लेकर चर्चा की गयी

# श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंगलवार को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची की वार्षिक बैठक संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब में हुई। बैठक में वर्ष 2022-23 में श्री रामनवमी महोत्सव के आयोजन की समीक्षा की गयी और आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत और पारित किया गया। बैठक में वर्ष 2023-24 श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया एवं श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में 2022-23 की कमिटी को भंग कर नयी कार्यकारणी को सर्व सहमति से गठन किया गया। बैठक में सर्व सहमति से राजीव रंजन मिश्रा को मुख्य संग्रक्षक, किशोर साहू, रमेश सिंह, प्रणय कुमार, साहेब अली, संदीप वर्मा, सुशील केजरीवाल, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी, गोपाल पारीक को संग्रक्षक, लंकेश सिंह को संयोजक, राम अनुज सिंह को अध्यक्ष, रमेश केडिया को कार्यकारी अध्यक्ष, बंटी सिंह को मंत्री, मनोज शर्मा, राहुल सिन्हा, दीपू गाड़ी, अभिनव आनंद, विशाल मिश्रा, गोपाल चांगल, रंजीत चौरसिया को उपाध्यक्ष, नंद किशोर चांगल, राजू पोद्दार, इंदर सिंह, गुड्डू मालाकार, प्रकाश पाल, मनीष सिन्हा को सह-मंत्री, अरविंद सिंह को प्रचार मंत्री, पिंटू चांगल को सह-प्रचार-मंत्री बनाया गया। इसके साथ ही 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गयी। वहीं इस बैठक में चैती छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए रांची झील की सफाई की मांग की गयी। मिश्रा ने बताया कि रांची झील के पानी से बदबू आ रहा है, जिससे महामारी का खतरा बढ़ गया है। इसलिए इसकी अविलंब सफाई करायी जाये। बैठक में मुख्य रूप से अविनाश आनंद, सत्यनारायण राम, दीपू राम, आर्यन कुमार, निरंजन मिश्रा, अमर आनंद, संदीप शर्मा, श्याम कपाड़िया, राजू कपाड़िया सहित सैकड़ों सदस्य शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची वीमेंस कॉलेज ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। रांची वीमेंस कॉलेज ने मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आइक्यूएसी) द्वारा किया गया था, जो उच्च शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता और गुणवत्ता आश्वासन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ लिली बनर्जी, प्रोफेसर प्रभारी, साइंस ब्लॉक, रांची वीमेंस कॉलेज रहीं। उन्होंने वैज्ञानिक सोच के महत्व और छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रख्यात भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चंद्रशेखर वेंकटरमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की याद में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। 1930 में आज ही के दिन सीवी रमन को प्रकाश प्रकीर्णन के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी थी, जिसमें विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं और सिद्धांतों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी में कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी, जिन्होंने अपने वैज्ञानिक प्रयोगों, मॉडलों और नवीन परियोजनाओं को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनियों में भौतिकी और रसायन विज्ञान से लेकर जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान तक शामिल थे।

### श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। समृद्धि पार्क, इलिका स्टेट, नामकोम आरा गेट के प्रांगण में मंगलवार को श्रीराम मंदिर के पप्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य शोभा यात्रा आरा गेट नमकुम से निकली गयी। इस कार्यक्रम में श्रद्धांल्लुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सोसाइटी की 51 महिलाओं ने कलश यात्रा निकली। ये अनुष्ठान समृद्धि पार्क प्रांगण में चार दिनों तक चलेगा, जिसका समापन प्राण प्रतिष्ठा के साथ 3 मार्च को होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोसाइटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### कायस्थ महासभा ने सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता एवं यूनाइटेड स्टेट्स में मिनीसोटा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ( एनआरआइ) अखौरी अच्युतानंद सिन्हा को सम्मानित किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय ने आयोजित होली मिलन समारोह में अखौरी अच्युतानंद सिन्हा को शॉल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी मुकेश कुमार ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समाज की ओर से अमित अखौरी, सुशील लाल और निकेश लाल ने माला पहनाया और बुके भेंट किया। एके सिन्हा निजी प्रवास पर अभी रांची में हैं। उनका पैतृक आवास बक्सर के चुरामनपुर में है। वे वर्ष 1956 से पांच साल तक रांची कॉलेज में प्रोफेसर सेवा दे चुके हैं। उस समय वे वर्द्धवान कंपाउंड में रहते थे। इसके बाद वे अमेरिका चले गये। वहां वे अध्यापन कार्य से जुड़ गये। उस समय से अभी तक उनका दुर्लभ प्रजाति के समुद्री जीव और पक्षियों पर शोध जारी है। इसी खोज के लिए यूनाइटेड स्टेट्स ने अंटार्टिका में एक पर्वत का नामकरण उनके नाम पर माउंटेन सिन्हा रखा है। समारोह में पवन किशोर, अभिषेक कुमार, सुबोध कुमार, राकेश रंजन समेत अन्य मौजूद थे।

### विद्यापति स्मारक समिति का होली मिलन चार को

रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में लेखानांद झा की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में उदित नारायण ठाकुर, डॉक्टर बच्चा राम झा, अमरेंद्र मोहन झा, रविकांत झा, संजय कुमार मिश्र, बीके झा, दिलीप झा, श्रीराम मिश्र, रहमान अंसारी, रामानद यादव, श्याम झा, योगेश कुमार झा आदि सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सर्वसमिति से यह निर्णय लिया गया कि 4 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### अनुसूचित जाति समाज ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का पुतला फूंका



रांची (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति समाज महासभा ने मंगलवार को झारखंड सरकार एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद साव का रांची के कांके रोड स्थित चौक के समीप पुतला दहन किया। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद साहू एवं उनके समर्थकों द्वारा पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी पर उपेंद्र रजक एवं सुरेंद्र पासवान ने कहा कि टिप्पणी से अनुसूचित जाति समाज आहत है। अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उपेंद्र रजक उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि विधायक अंबा ने अपने पावर का धौंस दिखाते हुए पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र चौधरी पर अमर्यादित टिप्पणी की हैं। इससे अनुसूचित जाति समाज में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि विधायक से माफी मांगने का आग्रह किया है। माफी नहीं मांगने पर अंबा प्रसाद के खिलाफ अनुसूचित जाति समाज का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, संतोष राम, रंजीत बावरी, जगदीश दास, अजीत मिर्धा, सुरजीत मिर्धा, पवन नायक, अमित नायक, अनिल रजक, सत्येंद्र रजक, संतोष राभ, संदीप रजवार, बीएन चौधरी, आरएन चौधरी, संजय पुरी सहित अन्य मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

## भाजयुमो की मैराथन दौड़ आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को रांची में जी20 कार्यक्रम के तहत भाजयुमो रांची महानगर के द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरुआत मोराबादी मैदान से हुई, जो फिरायालाल चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस मैराथन दौड़ में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, रांची के विधायक सीपी सिंह, रांची उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, विरंची नारायण, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी सहित युवाओं ने पूरे जोश के साथ भारी संख्या में हिस्सा लिया।

## सच छुपा रहा प्रशासन, शिवांश सिंह की मौत की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो : संजय पोद्दार

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार और मंत्री पप्पू वर्मा ने अंजुमन प्लाजा के पास घटित दुर्घटना में शिवांश सिंह की मौत की प्रशासन से उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। बता दें कि मेन रोड अंजुमन प्लाजा के समीप घटित दुर्घटना में शिवम सिंह की मौत हो गयी थी। पोद्दार ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, परंतु घटनास्थल की स्थिति और सोशल मीडिया में चल रहे वीडियो फुटेज से यह मॉब लिंचिंग प्रतीत हो रहा है। जो घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। शिवम सिंह के परिवार को इंसाफ मिलनी चाहिए। प्रशासन आखिर किसके इशारे पर इस केस दबाना चाहती है? गुनहगारों को सजा देने का अधिकार सिर्फ कानून को है। जिस जगह पर घटना घटी है, वहां दर्जनों सीसीटीवी कैमरा लगे हुए हैं। प्रशासन सीसीटीवी फुटेज को खंगाले, ताकि सच सामने आ सके।

## उत्सवपूर्ण माहौल में करें जी-20 के प्रतिनिधियों का स्वागत : संजय सेठ

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची शहर वासियों से एक अपील करते हुए कहा है कि जी-20 के प्रतिनिधियों के आगमन को लेकर रांची शहर में उनके स्वागत और अभिनंदन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जी-20 के प्रतिनिधि रांची की अमिट छाप लेकर अपने देश को वापस लौटें, इसलिए रांची के नागरिकों से मेरा अनुरोध है कि 1, 2 और 3 मार्च को अपने-अपने घरों को बेहतर तरीके से सजायें। शहर को स्वच्छ रखें। सांसद सेठ ने शहरवासियों से कहा कि रांची के विभिन्न चौक चौराहों पर दीपक जले, फूल बिछे, लड़ियों से घरों और शॉपिंग कांपलेक्स को सजाया जाये, लोग अपने अपने घरों के आगे रंगोली बनायें, दीया जलायें, ताकि जी-20 के प्रतिनिधि को लगे कि पूरा शहर उनका स्वागत कर रहा है।

## अप्रैल में देवघर में होगी जी-20 की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के बाद अप्रैल में देवघर में जी-20 समिट होगा, जिसकी रूपरेखा तैयार हो चुकी है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इसकी विभागीय तैयारी शुरू कर दी है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर मंत्रालय ने रांची के बाद देवघर में जी-20 सम्मेलन का चयन किया है। देवघर में मैहर गार्डन जी-20 सम्मेलन का स्थल तय किया गया। मैहर गार्डन के नये कॉन्फ्रेंस हॉल में कॉन्क्लेव होगा। इस कॉन्क्लेव की थीम डिजिटल इंडिया होगी। देवघर में होनेवाले जी-20 सम्मेलन में 15 देशों के डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन समेत यूरोप के अन्य देशों के डेलीगेट्स शामिल हैं। सम्मेलन में भाग लेनेवाले डेलीगेट्स आइटी सेक्टर के होंगे। इसमें विदेश की कई आइटी कंपनियों के प्रमुख भी हिस्सा लेंगे। डेलीगेट्स और आइटी कंपनियों के प्रमुख जसीडीह स्थित सॉफ्टवेयर टेक्लोनॉजी पार्क का भी विजिट करेंगे।

## केंद्रीय सरना समिति ने सौंपा ज्ञापन



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति के द्वारा बबलू मुंडा की अध्यक्षता में उपायुक्त को संबोधित उनकी अनुपस्थिति में अपर समाहर्ता राजेश बरवार जी को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें इस बात का उल्लेख किया गया कि 24 मार्च को सरहुल महापर्व की शोभायात्रा निकाली जानी है तथा कांटाटोली चौक से पटेल चौक चुटिया तक फ्लाईओवर का काम धीमी गति से चल रहा है, जिससे सरहुल शोभा यात्रा का सफल आयोजन संभव नहीं है, इस हेतु उपायुक्त से आग्रह है कि शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु जो फ्लाईओवर का काम चल रहा है, उसमें आमूलचूल परिवर्तन किया जाये, ताकि शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को बाधाका सामना ना हो। ज्ञापन सौंपने में केंद्रीय पाहन जगलाल पाहन, महासचिव कृष्णकांत टोप्पो, कुसुम लकड़ा और दिनेश मुंडा आदि शामिल थे।

### कल उठेगा रामगढ़ उपचुनाव में जीत-हार से पर्दा

# वोटों के अंकगणित में जुटे कार्यकर्ता चौक-चौराहे पर चल रही चुनावी चर्चा

अंजनी कुमार



**गोला/रामगढ़(आजाद सिपाही)।** उपचुनाव खत्म हुये चौबीस घंटा से भी अधिक समय बीत गया है। यहां जीत हार पर अगर मगर की स्थिति है। गोला प्रखंड में रिकॉर्ड 71प्रतिशत मतदान हुआ है। अब चुनाव के अंकगणित में पेंच फंस गया है। कांग्रेस एवं आजसू पार्टी वोटों के अंक गणित के हिसाब से अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे है। दोनों ही पार्टी के लोग जीत को लेकर पूरी तरह से आत्मविश्वास में लबरेज दिख रहें है। हालांकि बाकी के प्रत्याशी को समझ में आ गया है कि चुनाव में सिर्फ कांग्रेस और आजसू ही है।

राजनीतिक जानकर लोगों ने बताया कि इस चुनाव में जीत को लेकर अगर मगर है। सटीक विश्लेषण किसी का भी काम नही आ रहा है। वोटो के अनुमान में उलझन हो रही है। ऐसा इसलिए कि आजसू ने कुरमी वोट को कितना समेटा है। यह बड़ा सवाल है। यही वोट उनकी जीत तय करेगी।

वोट के इस अंक गणित में यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी के जेल जाने का सहानुभूति कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को मिली है। यह दावा किया जा रहा है कि आजसू के वोट बैंक कुरमी वोटरों में कांग्रेस ने सेंधमारी कर दी है, जिससे उनका मनोबल ऊंचा है। इस बात से इनकार नही किया जा सकता है कि आजसू की स्थिति पिछले चुनाव की तुलना में मजबूत है। शहरी वोटरों का रुझान आजसू के पक्ष में गया है। ग्रामीण क्षेत्रो के बूथों में आजसू को बढ़त मिलने की सम्भावना जतायी गयी है। इसका मुख्य कारण गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में काफी मेहनत की है। सुदेश ने पंचायत में दर्जनो सभाएं की, जिससे वोटो का प्रतिशत बढ़ा है। कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो ने मंगलवार को अपने बेटे के साथ समय बिताया। कार्यकर्ता आते जाते रहे। सबों से मिलकर उन्होंने जीत का विश्वास दिलाया।

## यूथ फेस्टिवल में श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रतिभागियों के सकारात्मक सोच का परिणाम : डॉ शांडिल्य




**रांची (आजाद सिपाही)।** जैन यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में आयोजित किए गए 36 वीं इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की 29 सदस्यीय दल ने काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई खिताब अपने नाम किए। इनमें क्लासिकल वोकल इंडियन गायन में कुमार आदित्य पांडेय ने सिल्वर मेडल, ऑन स्पॉट पेंटिंग में आकाश कर्मकार ने सिल्वर मेडल, लाइट वोकल में युवराज ने ब्रॉन्ज मेडल, इंस्टालेशन में सिल्वर मेडल और सांस्कृतिक झांकी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दल के साथ 4 शिक्षक और 2 टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साह शामिल थे। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह परिणाम प्रतिभागियों के सकारात्मक सोच और आत्मबल का परिणाम है।

## रांची यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** 36वें इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल (जैन उत्सव), जैन यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में रांची यूनिवर्सिटी, रांची के विद्यार्थियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए 4 रजत और 2 कास्य पदक प्राप्त किया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ एमसी मेहता, डी एस डब्लयु डॉ जीएस झा, डॉ बीपी सिन्हा, उपनिदेशक, सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, डॉ नियति कल्प, समन्वयक, परफॉर्मिंग एण्ड फाईन आर्ट्स विभाग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। म्यूजिक इवेंट के वेस्टर्न वोकल (सोलो) में यामीमा कच्छप, फाईन आर्टस इवेंट्स के कार्टूनिंग में शुभम कुमार दुबे, मेहंदी में जेनिस खलखो एवं इंस्टालेशन में रमा कुमारी, चंदा कुमारी, गौरव पाल एवं शुभम कुमार दुबे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक और थिएटर इवेंट के मिमिक्री में जितेंद्र कुमार एवं फाईन आर्ट्स इवेंट के क्ले माडलिंग में गौरव पाल ने कास्य पदक प्राप्त किया। टीम मैनेजर के रूप में डॉ पूनम निगम सहाय और सुजीत कुमार शर्मा, परफॉर्मिंग आर्ट के शिक्षक विवेक दास इन बच्चों के साथ ऊपर बेंगलुरु में उपस्थित थे।

## आरयू के कई प्राध्यापक एवं कर्मी सेवानिवृत्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक एवं कर्मी सेवानिवृत्त हो गये। इन सबों को रांची विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा तथा अन्य ने भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वालों में शिक्षक डॉ जीएस झा ,डीएसडब्ल्यू, डॉ राजेश कुमार, पूर्व सीसीडीसी डॉ स्नेहलता सिंह, जंतु विज्ञानडॉ बीआर झा, लीगल इंचार्ज डॉ सैयद असलम अरसद, उर्दू विभाग डॉ कहकशां परवीन, उर्दू विभागतथा डॉ सुरेश पांडेय, समाजशास्त्र विभाग वहीं ननटिचिंग विश्वविद्यालय कर्मियों मेंश्री उग्रेश प्रसाद सिंह कुलसचिव कार्यालयमो. फिदा हुसैन कुलपति सचिवालयबंधन देवी, स्वीपर भौतिकी विभाग को कुलपति ने भावभीनी विदाई दी।

## सीसीएल से 113 कर्मी हुए सेवानिवृत्त



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत सात कर्मियों सुचंद्रा गोस्वामी, मो अख्तर हुसैन, सुधीर कुमार रजक, तरुण तेत्रु तिर्की, भवानी उरांव, सहायक फोरमैन, कुंवर राम, सहायक सुपरवाइजर, दिलीप कुमार घोष, रसोइया को मंगलवार को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। फरवरी माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मी सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें ससम्मान भावभीनी विदाई दी गयी। निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं दृढ़ विश्वास से आज कंपनी ने वह मुकाम हासिल किया, जो अभूतपूर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग की मुख्य प्रबंधक किया मुखर्जी तथा उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन भी मुखर्जी ने किया।

## रांचा विवि के कुलपति और सीएससी के बीच शॉर्ट टर्म कोर्सेज को लेकर चर्चा हुई




**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएससी के तत्वावधान में वोकेशनल और शॉर्ट टर्म कोर्सेज को लेकर रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और सीएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय कुमार राकेश के साथ चर्चा हुई। इस दौरान रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और सीएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय कुमार राकेश के द्वारा 5 छात्राओं को भू-कौशल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएससी झारखंड के स्टेट हेड शंभू कुमार और एजुकेशन स्टेट हेड अनुपम उपाध्याय, सीनियर एक्सक्यूटिव विक्रम वर्मा, सीएससी वीएलई सुमानता सेन मौजूद थे। रांची विश्वविधालय से कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ राजकुमार शर्मा, सीसीडीसी डॉ पीके झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष झा, डॉ स्मृति सिंह उपस्थित थे।

## नयी कमेटी का गठन किया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय छात्र इकाई के नयी कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष झ ऋत्विक राज, कार्यकारी अध्यक्ष - जगत मुरारी, रोहित सिन्हा, महासचिव - हिमांशु कुमार, प्रवक्ता -सचित रंजन, सोशल मीडिया प्रभारी - मुकेश कुमार प्रामाणिक को बनाया गया। साथ ही 15 दिनों के अंदर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर पूरी समिति का गठन किया जाएगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा ने कहा कि आजसू छात्र संघ स्थापना काल से ही छात्र हितों के प्रति संपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तथा अन्य गतिविधियां इसके द्वारा समय-समय पर चलाई जाती है।


महत्वपूर्ण न्यूज

## बीके बिरला ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कल से



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के मानविकी एवं भाषा शास्त्र संकाय तथा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति के सौजन्य से भारतीय भाषाओं में अनुवाद अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्षक पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बीके बिरला ऑडिटोरियम में दो और 3 मार्च 2023 को किया जाना सुनिश्चित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, मानविकी की संकायाध्यक्ष प्रो नीलिमा पाठक, कॉमर्स एवं मैनेजमेंट के संकायाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ नीतू सिंघी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ विद्या झा, डॉ राशि मालपानी, प्रो अमित गुप्ता, अनुभव अंकित द्वारा संयुक्त रूप से ब्रोशर का विमोचन किया गया।

## स्वामी सदानंद के सान्निध्य में कल खेली जायेगी फूल और अबीर गुलाल की होली



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एव संरक्षक स्वामी सदानंद महाराज होली के अवसर पर अपने शिष्यों को होली की बधाई देंगे। मंगलवार को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता मे विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में संत सदानंद महाराज के सानिध्य मे होली मिलन सह भजन संकीर्तन प्रवचन कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने के लिए संस्था के सदस्यो की बैठक हुई। संतश्री सड़क मार्ग से सुबह 8 बजे रायगढ़ से चल कर सुबह 10 बजे ओड़िशा के सुंदरगढ पहुंचेंगे। वहां अपने शिष्यों के साथ फाग महोत्सव मना कर 11 बजे सड़क मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान करेंगे और रांची सत्संग भवन शाम चार बजे पहुंचेंगे। रांची पहुंचने पर शिष्यों द्वारा संत सदानंद महाराज का भव्य स्वागत किया जायेगा। विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन मे अपराह्न 4 बजे से 6 बजे तक गुरु महाराज के सानिध्य में फूल की होली, अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी। बैठक में संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान, बिष्णु सोनी और पूरणमल सर्राफ उपस्थित थे।

**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone :0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: JEPC/ QU/40/05/2023/679 Date:28/02/2023

**E-Tender Notice**

JEPC, Ranchi invites E-Bids for **setup of Integrated Math's & Science Lab in 525 Schools of Jharkhand with manpower and 3 years maintenance.** .Bidders can download bid documents from website ***https://jharkhandtenders.gov.in*** from 01.03.2023 (11.30 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 21.03.2023 up to 06:00 PM.The pre-bid meeting will be held on 06.03.2023 at 04.00 PM.

Sd/-
(Kiran Kumari Pasi)
State Project Director

PR 291503 Jharkhand Education Project Council(22-23)#D

**कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, बुण्डू (राँची)**

ज्ञापांक– दिनांक–

**सूचना**

अनुमण्डल कार्यालय परिसर में स्थित कैंटीन के रख – रखाव एवं कुशल संचालन हेतु ALF/SHG/सखी मण्डल का चयन किया जाना है। इच्छुक ALF/SHG/सखी मण्डल जो नगर पंचायत बुण्डू / बुण्डू प्रखण्ड मे है वह दिनांक–02.03.2023 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू में निर्धारित RFP में दिए गए Proposal Application Form (Annexure A) के अनुसार आवेदन आवश्यक कागजातों के साथ जमा कर सकते है। उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में प्राप्त प्रस्ताव अनुमण्डल कार्यालय में खोला जायेगा । अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू से संपर्क किया जा सकता हैं ।

अनुमण्डल पदाधिकारी
बुण्डू

PR.NO.291451 Urban Development(22-23):D

# विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव कल से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव 2 से 4 मार्च तक अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम से आयोजि किया जायेगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होंगे। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप रेखा देने हेतु मंडल के सदस्यगण पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मंदिर की साफ सफाई के पश्चात आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है तथा श्रृंगार के लिए कोलकाता से आये हुए कुशल कारीगरों की टीम कार्य में जुटी हुई है।

दो मार्च को अपराह्न तीन बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष प्रदान करेंगे, साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 500 नर नारी अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे साथ ही भजन गायक की टोली संपूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर भक्तजनों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी।

तीन मार्च को रात्रि नौ बजे से मंदिर में मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ होगा । श्री श्याम मंडल रांची द्वारा प्रकाशित भजन पुस्तिका 19वें बसंत उत्सव का विमोचन मुख्य अतिथि नंदकिशोर पाटोदिया, अध्यक्ष श्री अग्रवाल सभा, रांची द्वारा किया जायेगा। इस तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के द्वितीय दिवस पर श्री श्याम प्रभु का भव्य एवम नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणि प्रसाद, संगीतमय संकीर्तन व श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली का आयोजन होगा। कार्यक्रम रात्रि नौ बजे से सुबह 4 बजे तक आयोजित है।

चार मार्च को श्री श्याम प्रभु का द्वादशी दर्शन, 251 सवामणि भोग, अखंड ज्योत एवं द्वादशी पूजन आयोजित होगा। इस अवसर पर मंदिर के पट विशेष रूप से सम्पूर्ण दिवस खुले रहेंगे एवं संपूर्ण दिवस श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया जायेगा।

**जिला पशुपालन कार्यालय, राँची**
Old HB Road Siram toli, Chutiya, Ranchi-834001
Email- ahdrnc@gmail.com

राँची जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–07रा० दिनांक 15.06.2022 के आलोक में जिला अंतर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 305 पंचायतों में से 291 पंचायतों में मार्च 2023 सें दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन किया जाना है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, गर्भजाँच एवं स्वास्थ्य जाँच इत्यादि निःशुल्क करायें एवं शिविर का लाभ उठावें।

| क्र०सं० | प्रखण्ड | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | शिविर आयोजन की तिथि | प्रभारी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमाड़ | परासी | परासी | 01.03.2023 एवं 02.03.2023 | डॉ० राम प्रवेष राम भ्र०प०चि०पदा०,, तमाड़ 9661618880 |
| 2. | | पेड़ायडीह | नूबडीह | 03.03.2023 एवं 04.03.2023 | |
| 3. | | पुण्डीदीरी | टिमपुर | 10.03.2023 एवं 11.03.2023 | |
| 4. | | रड़गाँव | तड़ाई | 10.03.2023 एवं 11.03.2023 | डॉ० सजल कुमार भ्र०प०चि०पदा०, बुण्डू |
| 5. | | रगड़ाबड़ाम | रगड़ाबड़ाम | 10.03.2023 एवं 11.03.2023 | डॉ० सुभाष कुमार प्र०प०पा०पदा०, बुण्डू |
| 6. | खेलारी | विश्रामपुर | बड़कीतोड़ | 01.03.2023 एवं 02.03.2023 | डॉ० चुमनू तिर्की भ्र०प०चि०पदा० मैकलुस्कीगंज प्रभारी |
| 7. | | तुमांग | बिरसानगर धमधमिया | 03.03.2023 एवं 04.03.2023 | |
| 8. | सोनाहातु | लान्दुपडीह | लान्दुपडीह | 01.03.2023 एवं 02.03.2023 | डॉ० धनंजय कुमार प्र०प०पा०पदा० सोनाहातु, |
| 9. | नगड़ी | बालालौंग | केलेन्डे | 01.03.2023 एवं 02.03.2023 | डॉ० अभिमन्यु प्रसाद, भ्र० प० चि० पदा० नगड़ी 7903676114 |
| 10. | | कुदलौंग | हड़सेर | 03.03.2023 एवं 04.03.2023 | |
| 11. | ओरमाँझी | बारीडीह | जराटोली | 03.03.2023 एवं 04.03.2023 | डॉ० विश्वनाथ टोप्पो, प्र०प०पा०पदा० ओरमाँझी |

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,राँची

PR 291475 Animal Husbandry(22-23).D

# कहां हुई चूक

एक उग्रपंथी सिख संगठन के नेता अमृतपाल सिंह का नाम हाल के दिनों में जिस तरह से उभरा, वह न केवल हैरत में डालने वाला बल्कि चिंताजनक भी है। पिछले हफ्ते अमृतसर के अजनाला पुलिस स्टेशन में उसका हथियारबंद समर्थकों के साथ घुस आना और पुलिस को मजबूर करके अपने एक करीबी की अगले दिन रिहाई सुनिश्चित करा लेना तो सिर्फ एक उदाहरण है। हालांकि यह घटना अपने आप में बहुत सारे सवाल खड़े करती है। इतनी बड़ी संख्या में समर्थकों का थाने के अंदर घुस आना अचानक नहीं हो सकता। पुलिस कह रही है कि उसे अंदाजा नहीं था, ये हमलावर बैरिकेड तोड़ने के लिए गुरु ग्रंथ साहब को ढाल बनायेंगे। लेकिन ये सब करीब 60 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए आये थे और उन्होंने नंगी तलवारें लहराते हुए थाने को करीब-करीब हाइजैक ही कर लिया था। निश्चित रूप से पुलिस प्रशासन की चुस्ती और सतर्कता पर यह ऐसी टिप्पणी है, जिसे लचर बहाने बना कर रफा-दफा नहीं किया जा सकता। और बात सिर्फ स्थानीय प्रशासन की भी नहीं है। अमृतपाल सिंह का खालिस्तान समर्थक रवैया न तो कोई दबी-छुपी बात है और न ही कोई ऐसी बात, जो आज अचानक सामने आ गयी हो। खालिस्तान के पक्ष में लंबे समय से मुहिम चला रहे और पिछले साल एक सड़क दुर्घटना में मारे गये पंजाबी ऐक्टर दीप सिद्धू से अमृतपाल की मुलाकात भले न हुई हो, पर ऑनलाइन नेटवर्क क्लब हाउस पर दोनों एक साथ मौजूद होते रहे हैं। यों भी अमृतपाल सिंह लंबे समय से फेसबुक के जरिये खालिस्तान की मांग खुले तौर पर उठाता रहा है। यह बात केंद्रीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से छुपी रह जाये, ऐसा हो नहीं सकता। खुद अमृतपाल का भी कहना है कि दुबई से भारत लौटने पर सुरक्षा एजेंसियों ने उससे पूछताछ की थी। सवाल है कि इतना सब कुछ होते हुए भी उसके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई। खुले तौर पर खालिस्तान की मांग करने वाला, उसे सही बताने वाला सोशल मीडिया अकाउंट बेरोकटोक चलने दिया गया, जबकि छोटे मोटे असंतोष जाहिर करने वाले अकाउंट भी आसानी से सस्पेंड करवाये जाते रहे हैं। इस चूक या लापरवाही की भी जांच करवाने की जरूरत है। ध्यान रहे, कुछ समय से देश ही नहीं विदेशों में भी खालिस्तान समर्थक तत्वों की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। यह अकारण नहीं हो सकता। खुफिया सूचनाएं विदेशी साजिश की ओर संकेत करती हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पाकिस्तान का नाम लेकर इन साजिशों का जिक्र कर चुके हैं, लेकिन चाहे जो भी साजिश हो, उससे निपटने की जिम्मेदारी राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों की ही है। एक सीमावर्ती राज्य में, खास कर पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में जो एक बार आतंकवाद के दलदल में फंस कर बड़ी मुश्किलों के बाद उससे उबरा है, दोबारा कोई जोखिम मोल नहीं लिया जा सकता।

**खुले तौर पर खालिस्तान की मांग करने वाला, उसे सही बताने वाला सोशल मीडिया अकाउंट बेरोकटोक चलने दिया गया, जबकि छोटे मोटे असंतोष जाहिर करनेवाले अकाउंट भी आसानी से सस्पेंड करवाये जाते रहे हैं। इस चूक या लापरवाही की भी जांच करवाने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जी-20 समूह के महापौरों और नामित 'सिटी शेरपाओं' की भागीदारी के साथ, यू20 में हुए विचार-विमर्श जी-20 के तहत होने वाली वार्ताओं की जानकारी देते हैं और वे शहरी विकास से जुड़े विस्तृत विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उद्घाटन बैठक में 42 शहरों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया- यू20 की स्थापना के बाद से इसमें सबसे बड़ी उपस्थिति दर्ज की गयी।**

# शहरी 20: एक एकीकृत वैश्विक व्यवस्था के लिए सहयोगी शहरों का निर्माण



**हरदीप सिंह पुरी**




शहरी 20 कार्य समूह का उद्घाटन 9-10 फरवरी 2023 को अहमदाबाद में किया गया था। शहरी 20, या यू20, हर वर्ष आयोजित होने वाली सबसे प्रभावशाली शहर-स्तरीय कूटनीति पहलों में से एक है। जी-20 समूह के महापौरों और नामित 'सिटी शेरपाओं' की भागीदारी के साथ, यू20 में हुए विचार-विमर्श जी-20 के तहत होने वाली वार्ताओं की जानकारी देते हैं और वे शहरी विकास से जुड़े विस्तृत विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उद्घाटन बैठक में 42 शहरों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया- यू20 की स्थापना के बाद से इसमें सबसे बड़ी उपस्थिति दर्ज की गयी। यह उचित है कि भारत इस वर्ष शहरीकरण और शहरी गतिशीलता पर चर्चा कर रहा है। मोदी सरकार के तहत, भारत ने वैश्विक शासन के मुद्दों पर कार्यों का तेजी से नेतृत्व किया है। ऐसी ही एक सफलता की कहानी हमारे शहरी क्षेत्रों का परिवर्तन है जो अब अन्य देशों विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में अन्य देशों के लिए सीख लेने का ब्लूप्रिंट बन गया है। इस साल के यू20 का उद्देश्य विकास के वैश्विक एजेंडे पर शहरों द्वारा अपनायी गयी नीतियों और कार्य-प्रणालियों के जबरदस्त प्रभावों पर प्रकाश डालना है।

**मुझे विश्वास है कि अहमदाबाद का नेतृत्व यू20 के इस छठे संस्करण के प्रभाव को बढ़ायेगा।**

उद्घाटन बैठक आर्थिक समृद्धि और पारिस्थितिकीय सामंजस्य में शहरों की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए इन विषयों पर आधारित रही। पहचाने गए प्राथमिकता वाले छह क्षेत्रों के आसपास आम सहमति विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। सबसे अधिक जोर हमारे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहारों को अपनाने की अत्यावश्यकता पर दिया गया। दूसरा, जल संसाधनों का संरक्षण और पानी तक समान पहुंच प्रदान करने को अधिक प्रमुखता दी गयी। तीसरा, इस बात की स्वीकृति थी कि जलवायु वित्तपोषण यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इस्तेमाल में आने वाली पूंजी की आवश्यकता है, क्योंकि हम पुराने बुनियादी ढांचे को फिर से बनाना चाहते हैं। चौथा, यह अनिवार्य हो गया है कि हम कानूनी तंत्र और शासन के ढांचे पर पुनर्विचार करें ताकि रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। पांचवां, जीवंत नागरिक समाज के लिए शहरों की स्थानीय पहचान को बढ़ावा देने की लोकप्रिय मांग को मान्यता दी गयी। अंत में, प्रौद्योगिकी और डेटा के उपयोग का समर्थन करने वाली प्रक्रियाओं का लोकतंत्रीकरण करने को आवश्यक समझा गया।

शहर के प्रतिनिधियों ने इस सहयोगी एजेंडे को आगे बढ़ाने में अपनी एकजुटता व्यक्त की। यू20 के इस छठे संस्करण ने एक ऐसे मंच का आकार ले लिया है, जिसका उद्देश्य शहरी शासन से जुड़े विचार-विमर्श को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करके शहरी प्रशासन को नीति और कार्यप्रणाली के बीच की खाई को पाटने से लैस करना है। यू20 के 'चेयर सिटी' के रूप में, अहमदाबाद ने साबरमती रिवरफ्रंट के विकास में अपनाये गये नवाचारों को प्रतिपादित किया है। साथ ही उसने अन्य सुधारों के साथ-साथ किफायती आवास नीति और विरासत प्रबंधन योजना की प्रमुख विशेषताओं पर उदाहरण पेश किया है।

अहमदाबाद नागरिक-उन्मुख कायाकल्प की भावना को समाहित करता है जिसे भारत ने आरंभ किया है। पिछले नौ वर्षों में, मोदी सरकार ने दुनिया का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम शुरू किया है, जो सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद; सार्वभौमिकरण और बुनियादी सेवाओं की संतृप्ति; टेक्नोलॉजी नवाचार; आर्थिक अवसर; और एक ग्रामीण-शहरी श्रृंखला पर आधारित है। हमारी शहरी परिवहन नीतियां भारत के शहरी परिदृश्य में हरित गतिशीलता विकल्पों को जोड़ कर पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गयी हैं। विभिन्न परिवर्तनकारी शहरी मिशनों के परिणामस्वरूप भारतीय शहर देश को आर्थिक और एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए तैयार हैं।

यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने का दायित्व शहरों का होगा। भारत के मामले में-जिन शहरों में 2030 तक 600 मिलियन से अधिक लोग निवास करेंगे- मैंने अक्सर कहा है कि यदि भारत सफल होता है, तो एसडीजी सफल होगा और एसडीजी के सफल होने के लिए, भारत को अवश्य सफल होना चाहिए। मुझे कोई संदेह नहीं है कि भारत सफल होगा और ऐसा करने में, बाकी दुनिया को दिखायेगा कि कैसे विकासशील अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक चुनौतियों से निपट सकती हैं। हमारी शहरी क्षमताओं का प्रमाण इस बात में निहित है कि हमारे आबादी वाले शहर गंभीर रूप से प्रभावित होने के बावजूद हमने महामारी पर काबू पा लिया। विकेंद्रीकृत स्वास्थ्य सेवा, प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण, सार्वभौमिक सेवा वितरण और किफायती किराये के आवास जैसे उपायों के माध्यम से, भारत ने एक शासन दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया, जिसने न केवल विश्व में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त की, बल्कि इसके अनुसरण के लिए हाल ही में आह्वान भी किया।

ऐसे समय में जब दुनिया भू-राजनीतिक संघर्ष, वित्तीय अनिश्चितता और जलवायु से जुड़े संकट से घिरी हुई है, यह जरूरी है कि हम निम्नतम स्थानीय स्तर से लेकर उच्चतम वैश्विक समूह तक नीतिगत प्रतिक्रिया का समन्वय करे और उसकी जांच करें। सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, विभिन्न मतों के बीच आम सहमति बनाना भारतीय डीएनए में है। इसी लोकाचार की वजह से इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय निर्धारित किया है: 'वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य।'

जी-20 2023 में संकट की घड़ी से निपटने की क्षमता है जिससे पारस्परिक रूप से लाभप्रद और स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक ढांचा उभरेगा। मेरा मानना है कि यू20 अहमदाबाद हमारे शहरों के बीच सामूहिक कार्य की इस भावना को आकार देने के लिए अग्रणी समूह होगा। जी-20 सचिवालय, राष्ट्रीय इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स जो यू20 तकनीकी सचिवालय है, और जिसमें दुनिया भर के ज्ञानी हैं, से लगातार मिलने वाले निर्देश से, मुझे विश्वास है कि अहमदाबाद का नेतृत्व यू20 के इस छठे संस्करण के प्रभाव को बढ़ायेगा।

मैं शहर के शेरपाओं की सराहना करता हूं, जिन्होंने यू20 कार्यक्रम के उद्घाटन में सार्थक योगदान दिया। मुझे उम्मीद है कि मेयर, शेरपा और शहरों के प्रतिनिधि 2023 यू20 में भाग लेना जारी रखेंगे, जिसके बाद जुलाई में मेयरों का शिखर सम्मेलन होगा। जैसा कि हम समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के साझा लक्ष्य को जारी रखे हुए हैं, यू20 के इस छठे संस्करण में एक रोडमैप बनाने का अनूठा अवसर है जो आने वाले वर्षों में शहरी नीतियों के लिए प्रेरित करेगा।

**(लेखक : भारत सरकार में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पोटका के ग्रामीणों ने विधायक संग मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के गवालकाटा पंचायत के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सड़क निर्माण के प्रशाशनिक स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। मौके पर उन्होंने बताया क्षेत्र के दो प्रमुख सड़क का डीपीआर विभाग द्वारा विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा पर तैयार की गयी। डीपीआर सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया पोटका क्षेत्र के गोडग्राम,रामजांगा से शासनघुटु, मोहनाडीह, चुकनुटांड़, बालियागोडा होते हुए बकाई तक कालीकरण पथ निर्माण के आलावे ग्राम पोडसा,नरसिंह चौक से मुरूदघुटु पांडवाकोचा होते हुए धतकीगोड़ा, सहारघुटु तक पथ निर्माण होना है। ग्रामीणों ने कहा पोटका क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों के लिए दोनों सड़के जीवन रेखा है। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है।प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से दोनो सड़को का निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जल्द प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा जल्द ही दोनो सड़को का निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी। मौके पर पूर्व पार्षद हीरामनी मुर्मू, पंसस सीताराम हांसदा, ग्रामप्रधान सीमाल हांसदा, सनातन सोरेन, जगन्नाथ सोरेन, केदारनाथ मुर्मू, मोहन हेम्ब्रम शामिल रहे।

# मुसाबनी में युवती से दुष्कर्म मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** मुसाबनी थाना क्षेत्र के कुइलीसुता गांव में सरहुल पर्व मना कर लौटने के दौरान एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुसाबनी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि इस मामले का तीसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। मुसाबनी थाना में इस संबंध में दर्ज मामले के अनुसार सोमवार की रात पीड़िता कुइलीसुता में सोमवार रात आयोजित सरहुल समारोह से घर लौट रही थी, तभी तीन युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस संबंध में पीड़िता के बयान पर तीनों युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी। जांच के क्रम में मुसाबनी पुलिस ने कुइलीसुता गांव के दो आरोपियों, विकास बास्के एवं गणेश हांसदा को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। तीसरा आरोपी अभी फरार है। इस संबंध में मुसाबनी के डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि फरार तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लेगी।

# सेल्स टैक्स ऑफिस का क्लर्क 30 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनागरी जमशेदपुर में एसीबी की टीम ने एक बार फिर सफलता हासिल हासिल की है। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर एसीबी की टीम ने करवाई करते हुए सेल्स टैक्स ऑफिस के क्लर्क सुबोध सिंह को घूस लेते रेंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मामला मंगलवार सुबह का है। इस मामले में एक व्यापारी ने जीएसटी सर्टीफिकेट के नाम पर क्लर्क सुबोध सिंह के द्वारा 30 हजार रुपये की मांग पर एसीबी से शिकायत की थी। मंगलवार को एसीबी की टीम ने सुबोध सिंह को घूस की रकम लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर ही आरोपी को अपने साथ सोनारी स्थित कार्यालय लाकर उससे पूछताछ कर रही है। एसीबी की टीम ने क्लर्क सुबोध सिंह के सिदगोड़ा स्थित 10 नंबर बस्ती आवास व उनके अन्य ठिकानों पर भी जांच कर रही है।

# विधायक ने सदन में बोड़ाम के अधूरा बालिका विद्यालय का मामला उठाया, मिला आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बोड़ाम में अधूरा बालिका विद्यालय का मामला जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा के सदन में उठाया। मंगलवार को विधायक ने कहा बोड़ाम के भूला ग्राम में बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ। बोड़ाम प्रखंड की बालिकाओं को सुंदरनगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में रखा गया है। जहां आवासीय विद्यालय की क्षमता से अधिक छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है। जहा शौचालय व स्नानघरों की संख्या कम होने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जबाव में मंत्री ने कहा बोड़ाम प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित नहीं है। लेकिन झारखंड सरकार द्वारा इस प्रखंड के लिए आवासीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान की गई। भवन निर्माण का कार्य झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। जिसका प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की गई। भवन निर्माण विभाग को पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु कार्रवाई की जा रही है। बालिकाओं को वैकल्पिक व्यवस्था पर सुंदरनगर में रखा गया है। वर्तमान में बोड़ाम में आवासीय बालिका विद्यालय के लिए 324 छात्राएं नाम अंकित है। विधायक ने तीसरे प्रश्न में पूछा यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकरआत्मक है तो क्या सरकार खंड- 1 में वर्णित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में करवाने का विचार रखती है, हां तो कब तक नहीं तो क्यों। जवाब में मंत्री ने कहा वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के माध्यम से भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा।

# वर्षा पटेल हत्याकांड में एएसआइ धर्मेंद्र कुमार सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के वर्षा पटेल हत्याकांड में सिविल कोर्ट की ओर से आरोपी एएसआइ धर्मेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ सजा के बिंदु पर सुनवायी हुई। मंगलवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनायी। सजा सुनाते समय वर्षा पटेल की मां-बहन के साथ परिवार के लोग भी मौजूद थे।बिष्टुपुर के धतकीडीह की रहने वाली वर्षा पटेल 12 नवंबर 2021 को अचानक लापता हो गयी थी। इसके बाद 18 नवबर 2021 को वर्षा का शव टेल्को के तार कंपनी तालाब से बोरा में बंद हालत में पुलिस ने बरामद किया था। शव की पहचान उसकी छोटी बहन ने की थी। इसके बाद वर्षा की बहन जया के बयान पर बिष्टुपुर थाने में एएसआइ धर्मेंद्र के खिलाफ अपहण करने और हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिये शव को तालाब में फेंक देने का मामला दर्ज कराया गया था। वर्षा की मां लक्ष्मी पटेल ने बताया वर्षा पटेल पढ़ने- लिखने में काफी तेज थी। उसकी प्रशासनिक अधिकारी बनने की तमन्ना थी, लेकिन उसकी हत्या कर दी गयी। उधर मंगलवार को कोर्ट के फैसले आने के बाद वर्षा पटेल की मां ने कहा शुरू से ही कोर्ट के फैसले पर भरोसा था, आज बेहद संतुष्टि मिला है।

## प्रदीप सिंह हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# महिला समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** प्रदीप सिंह हत्या कांड का जमशेदपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने छापेमारी करते हुए हत्या में शामिल एक महिला समेत छह अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो बैकुंठनगर निवासी बबिता सिंह, राहुल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, विलियम कुमार कर, रवि यादव उर्फ लाडला, राहुल कुमार शर्मा और अभिषेक कुमार शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में घटना में प्रयुक्त तीन देशी कट्टा,एक पिस्टल,12 जिन्दा कारतूस, तीन बाइक, तीन मोबाइल,एक स्कूटी व दो बाइक बरामद कर लिया। मंगलवार को पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया प्रदीप सिंह हत्या कांड में सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत में पुलिस टीम के द्वारा करवाई करते हुए महिला समेत 6 अपराधी की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में अन्य की तलाश जारी है। एसएसपी ने बताया आरोपियो से पूछताछ के दौरान जानकारी मिली प्रदीप ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट डाला था। जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ। इस मामले में राहुल ने प्रदीप का हत्या की योजना बना डाली। राहुल ने अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर बबिता की मदद से प्रदीप को फोन कर सीतारामडेरा के एक होटल में बुलाया था। प्रदीप के आते ही राहुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रदीप पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एसएसपी ने बताया बबिता को फोन कर बुलाने के लिए डेढ़ लाख रुपया दिया जाना था। उधर हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी शहर छोड़कर फरार हो गए थे। इस मामले में अन्य अपराधी भी शामिल है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी चल रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख क्रांतिकारी भारत रत्न से सम्मानित संविधान सभा के अध्यक्ष एवं आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा के सभागार में वरिष्ठ भाजपा नेता सह गढ़वा जिले के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडे ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उक्त कार्यक्रम में अलखनाथ पांडे ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद पढ़ाई लिखाई में बहुत तेज थे। भारत की सभ्यता संस्कृति को मानते थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति थे। राष्ट्र के विकास में उनका बहुत गहरा योगदान रहा है। वह जवाहरलाल नेहरू, वल्लभ भाई पटेल, और लाल बहादुर शास्त्री के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। आजादी के बाद उन्होंने संविधान सभा को आगे बढ़ाने के लिए संविधान बनाने के लिए नवजात राष्ट्र का नेतृत्व किया। संक्षेप में कह सकते हैं कि भारत गणराज्य को आकार देने में प्रमुख वास्तुकारों में से एक डाक्टर राजेंद्र प्रसाद थे।

### अवैध बालू का उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर जब्त, दो चालक गिरफ्तार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध बालू उत्खनन पर रोक को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मंगलवार की सुबह थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह द्वारा अवैध बालू का उत्खनन कर ले जा रहे तीन ट्रैक्टर सहित दो चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार चालक डंडा थाना क्षेत्र के कोटा गांव निवासी बबलू चौधरी व राकेश कुमार मेहता का नाम शामिल हैं। जबकि पुलिस को देख एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा। घटना के संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध बालू का उत्खनन किसी भी कीमत में नहीं होने दिया जाएगा। जबकि दूसरी घटना मैं गढ़वा पुलिस ने अवैध पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पशु तस्कर बिहार राज्य औरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोनरखा गांव निवासी पंचम शर्मा के पुत्र पिंटू शर्मा व दाउनगर थाना के पिपरीबाग गांव के जन्नत कुरैशी के पुत्र तबरेज आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने सात पशुओं को भी जब्त किया है।

### होली एवं शब ए बरात पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** होली एवं शब ए बंरात पर्व को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों ने भी हिस्सा लिया। सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव ने सबों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली एवं शब ए बरात पर्व शांतिपूर्ण आपसी प्रेम एवं सद्भाव पूर्वक मनाने की अपील की। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने भी प्रेमपूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंग फैलाने वाले की खैर नहीं, अफवाहों से लोग दूर रहें। किसी तरह की समस्या हो तो थाना को सूचित करें। इसे लेकर थाना प्रभारी ने सभी को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। उन्होंने कहा प्रशासन आपके साथ है। होली के दिन पुलिस की टीम नियमित रूप से गश्त करेगी। शांति समिति के बैठक में लोगों ने थाना प्रभारी से होली के तीन दिन पहले शराब पर पूर्ण रूप से बंदी करने की बात कही एवं पुलिस पेट्रोलिंग हर जगह हो इसकी मांग की कि दो पहिया वाहन चालकों पर पैनी नजर रखी जाए। कार्यक्रम का संचालन वरुण विहारी यादव ने किया। शांति समिति की बैठक में एएसआई अभिमन्यु सिंह, मुनेश्वर राम विरोधी, फिलिप टोपनो, सीआई इंतिखाब आलम, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बेबी देवी, सिंदुरिया पंचायत के बीडीसी संजू देवी, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, कैलान पंचायत की मुखिया सुकनी देवी, वैश खां, उमेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, विनोद सिंह, संजय यादव, केडी चौबे, रामप्रताप यादव, बीडीसी चंदन ठाकुर, शंभू सेठ, दीपक वर्मा, प्रदीप गुप्ता, नेपाल साह, बाला यादव, सूर्यकात कुमार, सुनील यादव, गुप्तेश्वर प्रसाद, अब्दुल अंसारी, अख्तर अंसारी, सालाहुद्दीन अंसारी, शेख सराजूद्दीन, सफीक अंसारी, याकूब अंसारी, शमशेर आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

**विरोध प्रदर्शन :** गढ़वा में चिकित्सकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

# जिला के अधिकारियों के समझाने के बाद भी नहीं टूटी हड़ताल

**जिले के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप, इमरजेंसी सेवा में चल रहा मरीजों का इलाज**

**बुधवार को जिले के सभी मेडिकल हॉल रहेंगे बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह के साथ 23 फरवरी को सिविल सर्जन कार्यालय में हुई मारपीट की घटना के विरोध में आईएमए व झासा के आह्वान पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी है। इससे जिले के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप है। सिर्फ इमरजेंसी सेवा में ही मरीजों का इलाज हो रहा है।

विगत दिनों की तरह मंगलवार को भी आईएमए, झासा एक साथ स्वास्थ सेवा से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठनों के लोग सदर अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठे रहे। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा हड़ताल खत्म कराने को लेकर लगातार प्रयास चल रहा है। लेकिन हड़ताली कर्मी घटना में संलिप्त झामुमो नेताओं की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। बताते चलें कि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, गढ़वा विधायक के स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खां समेत 40-50 की संख्या में झामुमो कार्यकर्ताओं ने 23 फरवरी को सिविल सर्जन कार्यालय में पहुंचकर हंगामा किया था। इस दौरान पर अस्पताल के उपाधीक्षक के साथ मारपीट की गयी थी। साथ में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार एवं डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को कब्जे में लेकर वीडियो फुटेज डिलीट करा दिया गया था। इस घटना के विरोध में 24 फरवरी से ही चिकित्सक व कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जबकि सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह व डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गढ़वा थाना में इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जबकि जिप अध्यक्ष शांति देवी ने भी सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह के विरुद्ध दुर्व्यवहार करने एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

इधर, सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार व आईएमए के गढ़वा जिला इकाई के सचिव डॉ कुमार निशांत सिंह ने बताया कि यहां की परिस्थितियों से झासा व आइएमए के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। वहां से निर्देश मिलने के बाद ही हड़ताल समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में कई चिकित्सकों ने बताया कि झांसा की राज्य इकाई ने हड़ताल को जारी रखने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को आईएमए का राज्य स्तरीय बंद बुलाया गया है। जबकि गढ़वा जिले में बुधवार को गढ़वा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा सदर अस्पताल में हुई घटना के विरोध में जिला स्तरीय बंद बुलाया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष अद्याशंकर पांडेय ने बताया कि मंगलवार को वे लोग काला बिल्ला लगाकर विरोध जता रहे हैं। जबकि बुधवार को सभी मेडिकल हॉल बंद रहेंगे।



### घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक हड़ताल जारी रखने पर अड़े हैं स्वास्थ्य कर्मी

इधर हड़ताल समाप्त कराने को लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में डीडीसी राजेश कुमार राय मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंचे थे। वहां उन्होंने हड़ताल कर रहे कर्मियों से बातचीत कर उनसे हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया। इस बीच डीडीसी ने सिविल सर्जन सह झासा के गढ़वा जिला अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार एवं आईएमए के गढ़वा इकाई के सचिव डॉक्टर कुमार निशांत सिंह से बातचीत कर हड़ताल समाप्त करने की घोषणा करने को कहा। बताया गया कि तब डॉ अनिल कुमार एवं डॉ कुमार निशांत सिंह ने संगठन के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों से बातचीत के बाद ही हड़ताल समाप्त करने की घोषणा करने की बात कही। इसके बाद वहां से डीडीसी चले गये। इस बीच धरनास्थल पर मौजूद चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि जब तक घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com


# भंडरिया प्रखंड कांग्रेस का वनभोज सह होली मिलन समारोह का आयोजन

**जब भी भंडरिया के लोगों ने उन्हें याद किया है वह आकर यहां के लोगों की मदद करने का काम किये हैं : केएन त्रिपाठी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड के ग्राम खजुरी सूखी खेती के जंगल में कांग्रेस पार्टी द्वारा सोमवार को वनभोज सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरिया प्रखंड के सभी गांवों से काफी संख्या में महिला-पुरूष कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए तथा भोज का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री केएन त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विरोधी दल के लोग उनका कितना भी विरोध करते रहेंगे उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि जब भी भंडरिया के लोगों ने उन्हें याद किया है वह आकर यहां के लोगों की मदद करने का काम किये हैं। शरारती और बदमाश लोगों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो गांव, समाज और आम नागरिकों की भलाई के लिए काम करेगा उनका साथ ईश्वर भी देते हैं। हम हमेशा क्षेत्र का दौरा करते रहे और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय लोग पैसे के बल पर, शराब पिलाकर, जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं और सीधे साधे लोगों को छल कर चले जाते हैं। ऐसे लोगों से हम सबों को बचना होगा। तभी इस क्षेत्र का एवं इस राज्य का विकास संभव है। पिछले चुनाव में विरोधी के द्वारा गलत मैसेज वायरल करने कारण हम जीते हुए चुनाव हार गए थे। अगर चुनाव नहीं हारते तो आज इस क्षेत्र में 500 करोड़ से ज्यादा की विकास योजनाएं संचालित होतीं। कार्यक्रम को मदगड़ी पंचायत की मुखिया प्रेमनी देवी, करचाली पंचायत की मुखिया मोनिका खलखो, जितेंद्र चन्द्रवंशी, छोटनलाल टोप्पो, वाजुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष राजू नायक, गोपाल त्रिपाठी, चन्द्रशेखर सिंह, सुनित कुमार मिंज, निर्मल ठाकुर सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन विक्रम नायक ने किया। इस मौके पर डालटेनगंज के राकेश सिन्हा, धरती देवी, रामचंद्र मिस्त्री, रामलाल सिंह, ईबरार अंसारी, अशोक केशरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

**कार्यक्रम :** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया

# राष्ट्र और व्यक्ति निर्माण में विज्ञान की देन अतुलनीय : एमपी केसरी

**स्कूली बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने महान भारतीय भौतिक वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ सीबी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर किया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में भारतीय वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन की ओर से विज्ञान जगत को दिए गए अनुपम उपहार रमन प्रभाव (रमन इफेक्ट) के सम्मान में हर वर्ष मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा जन साधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। आज विज्ञान ने जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पैठ बना लिया है, इसके बिना जीवन कठिन और जोखिम भरा है। लोगों के दैनिक जीवन में उपयोग किये जाने वाले विज्ञान के महत्व के बारे में सुखद संदेश फैलाने, मानव कल्याण के लिए विज्ञान के क्षेत्र में सभी गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने, विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए सभी मुद्दों पर चर्चा करने और नयी नयी तकनीकों को लागू करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 में विज्ञान दिवस का थीम है- 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान'। आज इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया गया। जिसका विषय- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन शैली को बेहतर और आसान बनाया है। कैसे? प्राचार्य ने कहा कि बच्चे विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनायें। इसके लिए स्कूल निरन्तर सहयोग करेगा। विज्ञान में नयी सोच और शोध के लिए हर वर्ष स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चे अपनी कल्पनाओं के आकार को साकार कर सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विज्ञान के शिक्षक उदय प्रकाश ने कहा कि आज के दिन हमें साइंस के प्रति अपनी सोच को प्रोत्साहित करने का संकल्प लेना चाहिए, वहीं मुकेश भारती ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में सभी को जागरूक होने पर बल दिया।

मंच का संचालन शिक्षक खुर्शीद आलम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दुबे, संतोष प्रसाद, अजय कुमार, नीलम केशरी आदि ने महती भूमिका निभायी।


**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के निविदा आमंत्रण संख्या– 280/2022-23/RWD/HAZARIBAGH, दिनांक– 09.02.2023, PR NO.-289831 के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– RWD/HAZARIBAGH/22/SRPKG-01/2022-23 एवं RWD/HAZARIBAGH/23/SRPKG-02/2022-23 की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291469 Rural Work Department (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के निविदा आमंत्रण संख्या– **281/2022-23/RWD/GARHWA, दिनांक– 09.02.2023, PR NO.-289832** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/GARHWA/36/SRPKG-01/2022-23** की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291471 (Rural Work Department) 22-23 (D)



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद, लोहरदगा वासियों को सूचित किया जाता है कि पेयजलापूर्ति से संबंधित नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। पेयजलापूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर परिषद कार्यालय अथवा श्री सुशील कुमार मिंज, कनीय अभियंता, मो0नं0–9801555750 एवं सुश्री प्रियंका शर्मा, मो0नं0– 8409213985 पर संपर्क स्थापित कर शिकायत दर्ज करा सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 291460 Lohardaga(22-23)D



**कार्यालय जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या 07/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम : उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न में
4. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
5. मद : आय मद।
6. कार्य का विवरण

| क्र0सं / ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | लोहरदगा | अध्यक्ष, जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में Interior कार्य | 50000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा

PR 291494 Lohardaga(22-23)#D



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी**
**जिला - सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

**आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु विभिन्न सामाचार पत्रों में PR- 291225 प्रकाशित है, जिसको निम्न प्रकार से पुनः संशोधित किया जाता है, तथा शेष शर्तें यथावत रहेंगे।**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृश्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्वकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत गुणवत्त शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न अंकित शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Subject | PGT (Category eise Vacancy) | | | | | | TGT (Category eise Vacancy) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total No. of Vacant Posts | UR | BC/ BC-II | MBC/ BC-I | ST | SC | Subject | Total No. of Vacant Posts | UR | BC/ BC-II | MBC/ BC-I | ST | SC |
| 1 | Hindi | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Hindi | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | English | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | English | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Urdu | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 4 | History | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Mathematics/ Physics | 7 | 4 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 5 | Geography | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Biology/ Chemistry | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Geography | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Mathematics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | History/ Civics | 11 | 6 | 0 | 0 | 4 | 1 |
| 8 | Physics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Biology | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Chemistry | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | Commerce | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Commerce | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Physical Education | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 12 | | | | | | | | Home Science | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | | | | | | | | Mundari | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | | | | | | | | Kharia | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | | | | | | | | Nagpuri | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 27 | 17 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 29 | 17 | 0 | 0 | 11 | 1 |

1. अहर्ता :–
2. आवेदन करने की प्रक्रिया :–
   i. योग्य अभ्यर्थियों द्वारा विहित प्रपत्र (आवेदन का प्रारूप परिशिष्ट 'ख' के रूप में संलग्न) में आवेदन संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा दिनांकः– 15.03.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
   ii. चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक वेबसाईट **simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 291456 Primary Education (22-23)_D

## बिजली की आंख-मिचौनी और अनियमित जलापूर्ति को लेकर किया गया प्रदर्शन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ मे तकरीबन एक महीने से बिजली की आख मिचौनी एवं अनियमित पेय जलापूर्ति की जा रही है। इसी मांग को लेकर तमाड़ बस स्टैंड से रायडीह मोड़ मशाल जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व आजसू नेता रमेश मुंडा ने किया। बिजली एवम कांची जलापूर्ति की अनियमिता के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया गया। बिजली की आंख मिचौली बंद हो, नियमित बिजली दी जाये, वही पानी की आपूर्ति भी चरमरा गई है। पेयजल विभाग अविलंब व्यवस्था ठीक करे अन्यथा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर अशोक मोदक, शंकर रवानी, अशोक योगी, आदित्य साहू, राकेश रवानी, दीनबंधु प्रमाणिक, परिमल नायक समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बुंडू पुलिस ने अफीम की फसल को किया नष्ट

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के वासिदा गांव स्थित जंगल क्षेत्र में बुंडू थाना प्रभारी सह इस्पेक्टर पंकज भूषण के नेतृत्व में 5 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया। इधर बुंडू थाना क्षेत्र के गाढ़ा तुंजू गांव में भी 4 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया।

## पंजी-टू में सामान्य रूप से जाति स्वांसी दर्ज होने पर खेवटदारों में आक्रोश

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के तैमारा क्षेत्र के चुरगी, तैमारा एवं गभड़ेया पंचायत के चुरगी, पानसकाम, डोमन टोला, बेड़ा, हाजेंद, लबगा, दामी, डाउडीह मुर्गी डीह, कोलेंगहातु, सरजमहिकीर आदि दर्जनों राजस्व गांवों के खेवटदारों के पंजी-टू में सामान्य रूप से जाति स्वांसी दर्ज होने पर खेवटदारों में तीखा आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि पंजी टू में गलत जाति दर्ज होने के कारण बच्चों के प्रमाण पत्र भी निर्गत नहीं हो पा रहा है। खतियान निकालने पर खतियान में गलत जाति दर्ज हो रही है। इस संबंध में टूटी पड़हा समिति की बैठक लबगा गांव में जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस मुद्दे पर हो रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में आंदोलन करने पर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक विभिन्न गांवों के ग्रामप्रधान बंधुराम मुंडा, सूंदर मुंडा, इंद्रजीत मुंडा, बिरसा मुंडा, विशंबर अहीर, डेमका मुंडा, कुंवर सिंह मुंडा, डीडू मुंडा, मिर्धा पाहन, बाजे मुंडा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## पुलिस ने बालू और चिप्स का अवैध परिवहन करते हुए हाइवा और ट्रैक्टर को जब्त किया

**राहे (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के लोवाहातू पंचायत में बालू का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर और एक हाइवा को जब्त किया है। दो वाहनों को जब्त के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि रात में अवैध बालू ओर चिप्स का परिवहन की सूचना मिली। सूचना के आधार पर छापामारी कर दोनों वाहनों को जब्त किया गया है और कार्रवाई किया जा रहा है।

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** डेहकेला पंचायत भवन मे जोरको, रुंजू, कोटलो, सरलो, लरता, टंगरा टोली सहित अन्य ग्राम के संयुक्त ग्राम सभा की बैठक मंगलवार को ग्राम प्रधान मंगरा पाहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य रुंजू कोटलो भाया मधुगमा से कर्रा रोड जो कर्रा प्रखंड मुख्यालय और स्कूल जाने का मुख्य मार्ग है। जिसकी जर्जर हालत के बारे में चर्चा किया गया। सड़क पर बोल्डर निकल गया है जिससे ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय कर्रा और स्कूल बच्चों को आवागमन करने में काफी समस्या हो रहा है। बरसात में सड़क और भी जर्जर हालात में हो जाता है। जर्जर सड़क से स्कूल आने जाने वाले बच्चे आये दिन दुर्घटनाओं की सम्भावना बाना रहता है और कई बच्चे दुर्घटना का शिकार भी हुए है। सड़क की स्थिति जजर्र होने से ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय जाने में समस्या हो रहा है। इस सड़क का उपयोग 15 से 17 गांव के ग्रामीण करते हैं। हां बाबा बहुत दिक्कत होगी। बैठक में मुख्य रूप में झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी खूंटी जिला राहुल केशरी को लिखित समस्याओं से संयुक्त ग्राम सभा के ग्रामीणों ने अवगत करवाया है। साथ ही मीडिया प्रभारी ने ग्रामीणों को अस्वस्थ किया कि आप की समस्या को जिला स्तर के पदाधिकारियों को अवगत करवाया दिया जायेगा। साथ ही रुंजू प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया और पाया कि स्कूल में खराब शौचालय हैं, जिसको कोई भी उपयोग नहीं कर सकता है, एक चापाकल पानी पीने के लिए है वो भी खराब पड़ी हुई है। मिड-डे-मिल पकाने के घर भी जर्जर हालत में है। वर्तमान कार्यरत शिक्षक के पूर्व के शिक्षक ने कई बच्चों का ऑनलाइन अटेंडेंस भी नहीं बनाया था। और कई बच्चों का तो खाता भी नही खोला गया है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि विधानसभा सभा सत्र में स्थानीय नीति एवं नियोजन को पुनः इस बार सरकार लाएगी और कई सारे लोक कल्याणकारी योजनाओ को भी सरकार आप के हित में सरकार ले कर आयेगी। आज की संयुक्त ग्राम सभा बैठक में मिडिया प्रभारी खूंटी राहुल केशरी, झामुमो सहसचिव नमजन होरो झामुमो सहसचिव लछुवा लोहरा, झामुमो पंचायत अध्यक्ष गोसनर मुंडा, मंगल पहान, जूनास होरो, बहामनती होरो, रोशलिया कंडुलना, शोभा देवी, राजेश्वर गोप, ग्राम प्रधान मंगरा पाहन, वार्ड हातु मुंडा और सैकड़ों संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक मार्च रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक फाटक बंद रहेगा

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा खूंटी रोड स्थित कर्रा स्टेसन के नजदीक रेलवे फाटक के पास ट्रैक में कार्य होने के कारण बंद रहेगा। बंद रहने का समय एक मार्च बुधवार रात्रि 8 बजे से 2 मार्च सुबह 6 बजे तक फाटक बंद रहेगी। इस दौरान रांची से तोरपा जाने वाले यात्री रांची कर्रा रोड स्थित उड़ीकेल मोड़ से तोरपा वह खूंटी जा सकेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ अनुभाग अभियंता रेल पथ गोविंदपुर रोड भीम सिंह बोदरा एवं मेट संजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दिया।

## मैकलुस्कीगंज में झामुमो खलारी की बैठक में झामुमो लपरा पंचायत समिति का गठन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज के विकास नगर बुध बाजार परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी मंडल एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान की अध्यक्षता में हुई। संचालन झामुमो खलारी के प्रखंड कोषाध्यक्ष जैनुल खान ने किया। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा किया गया एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित इंद्रा आवास योजना, वृद्धा पेंशन सहित अन्य लाभकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से झामुमो लपरा पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनय मुंडा, उपाध्यक्ष राजू यादव, मुमताज अंसारी, सचिव कैला मुंडा, संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज उरांव सहित कुवांरी देवी, सावित्री देवी, शांति देवी सुनिता देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, राजन राम, विकास चौधरी, सुरेश लोहरा, मनोज उरांव, अनिल सिंह, धनोखी घटवार, राहुल गुप्ता, जितपाहन, राजा चौधरी, रितेश गिरी, शीला देवी, बुधनी देवी, रेखा देवी, रीना देवी, सुधन देवी, लक्ष्मी देवी, काजल देवी, इंदू देवी, रुकमणी देवी, मुन्नी देवी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

### भाजपा कार्यालय में बूथ सशक्तीकरण कार्यशाला आयोजित

# बूथ कार्यकर्ता महत्वपूर्ण कड़ीः सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को बूथ सशक्तीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेत्री सुनीता सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का मानना है कि बूथ कार्यकर्त्ता ही पार्टी और आम लोगों के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सशक्त बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुख इसके सूत्रधार हैं। हमारा बूथ-सबसे मजबूत मंत्र के साथ हम 2024 का चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आप सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी को मन से निभाएं, बूथ पर जाएं और सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, वर्गीकरण कर बूथ सशक्तीकरण करें। जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता ने कहा कि अंत्योदय की राह पर चलते हुए भाजपा मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। अगले साल हमें चुनाव में जाना है। कार्यशाला में विषय प्रवेश कराते हुए जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि जब से संगठन की स्थापना हुई है, तब से इसका विस्तार निरंतर होता रहा है। जिला कमेटी, मंडल कमेटी और बूथ कमेटी बन गई है। अब बूथ का विस्तार कर उसे सशक्त करना है। जिला महामंत्री बिनोद नाग ने कहा कि बूथ कमेटी का विस्तार करते हुए 21 से बढ़ा कर 50 सदस्यों की कमेटी बनानी है। साथ ही सभी का विवरण सरल ऐप पर निबंधन कराना है। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष गंदौरी गुड़िया ने किया।




### कार्यशाला में ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष विष्णु सोनी, कैलाश राम, जिला महामंत्री शशांक शेखर राय, मंडल अध्यक्ष क्रमशः मदनमोहन गोप, निखिल कंडूलना, पुरेन्द्र मांझी, रामध्यान सिंह, बालकिशुन महतो, राम बिहारी लाल, मंडल महामंत्री शंकर प्रधान, विकास चौधरी, विजय राम, सुकेंदर महतो, प्रशांत कुमार, दिलीप सिन्हा, शिवम कुमार, जीतन स्वांसी सहित सभी मंडलों से प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रारंभ में संगठन के पथ प्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन किया गया।

## खाद्य अनुज्ञप्ति सह निबंधन शिविर का आयोजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान के निर्देश पर तोरपा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को खाद्य अनुज्ञप्ति सह निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 खाद्य कारोबारियों ने भाग लिया, जिन्हें खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राप्त आवेदनों में से 10 आवेदन को खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीकरण के लिए स्वीकृत किया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने खाद्य कारोबारियों को बताया गया कि खाद्य कारोबार करने के लिए खाद्य अनुज्ञप्ति और पंजीकरण लेना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति-पंजीकरण के कारोबार करने पर एक लाख रुपये जुमार्ना और छह महीने के जेल की सजा का प्रावधान है। बताया गया कि बेचे जाने पैक्ड फूड के पॉकेट पर एफएसएसएआइ लाइसेंस नंबर, मैनुफैक्चर डेट, एक्सपायरी डेट, बेस्ट बिफोर अंकित होना अनिवार्य है। दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि प्रतिबंधित पान मसाला का व्वसाय न करें। होटल, फास्ट फूड, मिठाई सहित अन्य दुकानदारों को दुकान और किचन परिसर की साफ रखने का निर्देश दिया गया। निर्देशित किया गया कि तेल में तीन बार फ्राई करने के बाद तेल उपयोग नहीं करना है। संचालकों को निर्देश दिया गया कि खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार का हानिकारक रंग एवं केमिकल का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि मिठाई, नमकीन सहित अन्य खाद्य सामग्रियों को ढ़ककर रखें।

## डकरा में एनके महाप्रबंधक ने किया सड़क का उद्घाटन



**खलारी।** डकरा में एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के पीछे से कॉलोनी होते हुए महावीर नगर तक सड़क निर्माण किया गया है। पूर्व में यह सड़क काफी जर्जर हो गया था जिसके कारण लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया था। प्रबंधन को इस संबंध में श्रमिक प्रतिनिधियों ने सड़क की हालत को लेकर अवगत कराया था। जिस पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए सड़क निर्माण करवाया है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, श्रमिक नेता मिथलेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार, अमरभूषन सिंह, डीपी सिंह, सुनील कुमार सिंह, आनंद सिंह, सिविल अधिकारी आभाष त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद थे।

# अपराध के खिलाफ जारी रहेगा पुलिस का अभियानः राकेश रंजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप पहुंचने पर स्थानीय जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसके बाद एसपी राकेश रंजन कैप परिसर में आयोजित पुलिस सभा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने बारी-बारी से अपनी समस्या को प्रमुखता के साथ रखा। एसपी राकेश रंजन ने जवानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्या सुनी इस दौरान समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को कर्तव्य, ईमानदारी और अनुशासन के साथ ड्यूटी करने की बात कही। पत्रकारों से बात करते हुए एसपी राकेश रंजन रंजन ने कहा कि चतरा जिला में उग्रवाद और अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान व्यापक स्तर पर चल रहा है, जिसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। टीपीसी और भाकपा माओवादी सहित अन्य उग्रवादी संगठनों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।



### दो हवलदार को दी विदाई

**इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में पुलिस सभा के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे बटालियन से सेवानिवृत हुए हवलदार सुदर्शन राम और सीता राम को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में दोनों का माला पहना कर स्वागत किया गया, जबकि एसपी राकेश रंजन ने दोनों को उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस समारोह में दोनों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए आगे के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, सलीम होरो, मंटू कुमार, संजीव श्रृंगारी, दिनेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजेश किडो,वीरेंद्र सिंह, शमशेर आलम, चुन्नू भारती, राजेश कुमार, मनी मोहन प्रसाद, सुरेश प्रजापति, प्रदीप रजक, बुधन प्रजापति सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।**

# धरना समाप्त करने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच कोयला खदान के किनारे विस्थापित प्रभावित एकता मंच द्वारा चलाया जा रहा धरना बुधवार एक मार्च को 99वें दिन सुबह 11 बजे समाप्त हो जाएगा। मंगलवार को अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता अंचलाधिकारी कार्यालय में हुई। वार्ता में मंच द्वारा 12/11/2022 को एनके एरिया महाप्रबंधक को दिए गए मांग पत्र पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि कोयला का समुचित उत्पादन होने पर सकारात्मक पहल करते हुए ग्रामीणों, विस्थापितों, प्रभावितों को रोजगार से जोड़ने हेतु पहल किया जायेगा। जेहलीटांड़ में 17 घरों में 8 घरों का मुआवजा के लिए संचिका मुख्यालय भेज दिया गया है। संभवतः एक माह के अंदर आठ घरों का मुआवजा भुगतान कर दिया जायेगा। शेष घरों का आवश्यक कागजात प्राप्त होने के उपरांत भुगतान के लिए कारवाई की जायेगी। डेंजर जोन में रह रहे मतनी गंझू की संचिका भी प्रक्रिया में है, सीसीएल मुख्यालय भेज दिया गया है, अनुमोदन के उपरांत एक माह के अंदर इनका भी भुगतान कर दिया जायेगा। तत्काल अस्थाई आवास आवंटन किया जायेगा। जेहलीटांड़ के मस्जिद को लेकर निर्णय लिया गया कि अंजुमन सदर सेक्रेटरी के प्रस्ताव के उपरांत सीसीएल मस्जिद का निर्माण करायेगी। सीओ षिषुपाल आर्य ने कहा कि ग्रामीणों का सकारात्मक सहयोग रहा। वहीं डीएसपी ने इसे सुखद निर्णय बताया। जीएम संजय कुमार ने वार्ता के बाद कहा कि सीओ साहब की अध्यक्षता में और डीएसपी साहब की उपस्थिति में हुई वार्ता में मुख्य मुख्य बातों पर चर्चा कर सकारात्मक निर्णय पर आया गया। जिससे संतुष्ट होकर विस्थापित प्रभावित एकता मंच एक मार्च से धरना समाप्त करने की घोषणा किये हैं, यह खुशी की बात है। कहा कि 97 दिन से डेडलॉक बना हुआ था। प्रशासन, प्रबंधन, ग्रामीण सभी परेशान थे। माइन लगभग बंद ही था, कोई काम नहीं हो रहा था। कहा कि उत्पादन प्रभावित होने से उस जगह पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष असर पड़ता है। वहीं जिप सदस्य सरस्वती देवी ने बुधवार से धरना समाप्ति की घोषणा करते हुए कहा कि वार्ता में ग्रामीणों की समस्या का समाधान करते हुए मांगों को मान लिया गया। कहा कि उन्हें अच्छा लगा कि उनका व ग्रामीणों का मान सम्मान रखा गया। उन्होंने कहा कि वे प्रशासन और सीसीएल का मदद करने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलेंगी।



**ये थे शामिलः वार्ता में पुलिस उप अधीक्षक अनिमेष नैथानी, एनके महाप्रबंधक संजय कुमार, केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम, जिप सदस्य खलारी पश्चिमी सरस्वती देवी, पंसस खलारी किरण देवी, पूर्व मुखिया निर्मला उरांव इसराईल अंसारी, शहिद अंसारी, देवलाल गंझू, इम्तियाज अंसारी, ईशा प्रवीण, पूर्व मुखिया विश्रामपुर निर्मला उरांव, नांदो देवी, रामप्रीत यादव, सीमा कश्यप, अनवर हुसैन, शहीद अंसारी, इसराइल अंसारी, संतोष रजक, नसीम अख्तर, अनिल गुप्ता, तस्लीम अंसारी, हरी प्रजापति, हसन अंसारी, साबीर अंसारी, सद्दाम अंसारी, शिबू महली, अनवर अंसारी, आशिक रजवी सहित ग्रामीण शामिल थे।**

## कोचे मुंडा ने विधानसभा में उठाया तोरपा और रनिया के जर्जर स्कूल भवन का मामला



**तोरपा (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक ने खूंटी। तोरपा प्रखंड के सुंदारी गांव स्थित राजकीयकृत राजकीय मध्य विद्यालय में इस वित्तीय वर्ष में तीन अतिरिक्त कमरों का निर्माण करा दिया जायेगा। साथ ही रनिया प्रखंड के एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के जर्जर भवन के बदले नये स्कूल निर्माण भवन का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए प्राक्कलन तैयार करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। यह जानकारी तोरपा के विधायक कोचे मुंडा द्वारा विधानसभा में तारांकित प्रश्न के पूछे गये सवाल के जवाब में सरकार द्वारा दिया गया। विधायक ने पूछा था कि खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड के सुंदारी गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में कक्षाओं की कमी के कारण विद्यालय संचालन में कठिनाई हो रही है। इस पर बताया गया कि सुंदारी स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में कक्षा सात तक संचालित है और आइसीटी लैब और दूसरे वर्ग में स्मार्ट क्लास संचालित है। बताया गया कि रनिया स्थित एसएस प्लस टू विद्यालय के नये भवन के निर्माण के संबंध में जिला पदाधिकारी सह कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि नये भवन के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में विष्णु चरण साहू की मौत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर राइडीह फ्लाई ओवर के पास आज एक सड़क दुर्घटना में विष्णु चरण साहू 72 वर्ष, पिता स्व. रघुनाथ साहू टोला सारजमडीह पंचायत बिरगांव के रहने वाले हैं की मृत्यु हो गयी। आज शाम लगभग चार बजे एक चेचीस के द्वारा रायडीह के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। तमाड़ अस्पताल के द्वारा रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई।

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय कापीडीह में राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल ने बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। बच्चों को यातायत के नियम को बताया गया तथा उसे पालन करने को कहा गया साथ ही अपने अभिभावकों को भी नियम का पालन कराने को कहा गया। ओपी प्रभारी ने कहा कि व्यापक रूप में जागरूकता अभियान किया गया है। 1 मार्च से सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। मौके पर एसआइ राज कपूर सहित स्कूल के शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
ई-मेल- nagarpanchayatbundu@gmail.com
पता - ब्लॉक कैम्पस, ब्लॉक रोड, बुण्डू

ज्ञापांक- दिनांक-

आवश्यक सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए नगर पंचायत, बुण्डू अंतर्गत चापाकल मरम्मती / पानी की समस्या से संबंधित किसी तरह की शिकायत कार्यालय में कार्यालय अवधि में अवस्थित कंट्रोल रूम में लिखित रूप से किया जा सकता है या कार्यालय कर्मी के संपर्क नंबर 9693730055 एवं email - nagarpanchayatbundu@gmail.com पर किया जा सकता है साथ ही बुण्डू नगर पंचायत के निम्न संपर्क नंबर पर शिकायत / सुझाव दर्ज किया जा सकता है ।

| क्रम सं० | नाम | कार्य | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिनेश भगत | टैंकर द्वारा जलापूर्ति | 7004655571 |
| 2 | श्री प्रदीप दास | चापाकल मरम्मती | 9835166721 |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 291454 Urban Development (22-23)_D



JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY
(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217

Registration under Society Act No.519
Registration under GST No. 20AACAJC1Z9
OUR MISSION- OLYMPIC GOLD
Contact no.:8987784136

Ref. No. JSSPS/CEO/Civil/e-tender/2022-23/ 368-77 Dated: 20.02.2023

Notice Inviting Tender NIT No.05 of 22-23

1. Tenders are invited online under single cover system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work::

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| Repair and maintenance of water supply and sanitary fitting works for a period of 24 months at MSC, Hotwar, Ranchi. | MSC, Hotwar, Ranchi | 48,78,905.68 | 61,000.00 | 730 days |

Note: The bid documents will be available on the website(s) and can be downloaded by the bidder up to the bid submission end date.

(I) For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Nasir Towheed, Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no: -9771919385.

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| GM(TA)/Member (Civil)/JSSPS, Mobile no:9431392787 | Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no:9771919385 |

2.Time Schedule of Tender:

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 28.02.2023 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 08.03.2023 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Last date of receipt of EMD through DD / BC at the office of CEO, JSSPS, Ranchi | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| j. | Bid opening date | 14.03.2023 | 15.00 Hours |

PR291467 (Art Culture Sports and Youth Affairs)22-23*D

on 20.02.2023
Sd GM (TA)/ Member (Civil)LMC, JSSPS

## विद्यासागर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नवरतनगढ़ किला का किया शैक्षणिक भ्रमण




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं मंगलवार को एक दिवसीय एजुकेशनल टूर पर सिसई स्थित नवरतन गढ़ किला देखने पहुंचे। जहां बच्चों ने अपने विद्यालय के शिक्षकों के साथ नवरत्नगढ़ के भौगोलिक स्थिति को प्रत्यक्ष रूप से देखा। बच्चों ने रानी तालाब, राजा महल, मंदिर सहित अन्य जगहों का अवलोकन किया। विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि विद्यासागर पब्लिक स्कूल का हमेशा से यह धैर्य रहा है कि बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा दी जाए। इससे बच्चे प्रत्यक्ष रूप से चीजों को जानते-समझते हैं तथा ऐसी यात्राओं से इनके व्यवहारिक ज्ञान में बढ़ोतरी के साथ मनोरंजन भी होता है। मौके पर शिक्षिका निशा वर्मा व स्वाति मौजूद थीं।

## होली, सरहुल एवं शबे बारात को लेकर सिल्ली थाना में शांति समिति की बैठक

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली थाना परिसर में होली, सरहुल एवं शबे बारात को लेकर शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ पवन आशीष लकड़ा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे, सिल्ली डीएसपी किस्टोपर केरकेट्टा, अनगाडा इंस्पेक्टर नीरज कुमार, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक उपस्थित थे। इस मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, अनूप टोपनो, आरपीएफ के एसआई पवन कुमार, मुखिया लालू उरांव, भरत मुंडा, सीमा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सिल्ली कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने किये रंगारंग कार्यक्रम

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में विज्ञान संकाय के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। साथ ही वैज्ञानिक सीवी रमन की जीवनी को छात्र-छात्राओं द्वारा मंच पर भाषण और नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो मुकुंद महतो ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान के बिना कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। देशभर में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाता है। इनके अलावा सभा को प्रो. सुचित्रा महतो, प्रो. के.सी. महतो, प्रो. हेमलता महतो, प्रो. कविता महतो, प्रो. पूर्णिमा महतो, प्रो. मंजुलता कुमारी, प्रो. नकुल महतो, प्रो. विश्वनाथ मुंडा, प्रो. तिलक ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन गौतम कुमार एवं देव कुमार मांझी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो मंजुलता कुमारी द्वारा किया गया।

## सरना प्रार्थना सभा मोदीडीह में झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सरना प्रार्थना सभा मोदीडीह में झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजिक-धार्मिक व्यवस्था की पहनई भूमि में एकदिवसीय सरना प्रार्थना सभा सह झंडा बदली का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर भजन करते हुए झंडा बदला गया। कार्यक्रम का संचालन गोंदुरा उरांव ने किया। कार्यकरम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. प्रवीन उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज को नशा से दूर रह कर बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिये। इस मौके पर मुखिया लालू राम उरांव, गणेश चंद्र मिंज, मुस्कान तिर्की, शांति तिर्की, रेशमा मिंज, अनीमा उरांव, पंचमी मिंज, भरत मुंडा सहित काफी संख्या में सरना धर्मावलंबी महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## बोलेरो वाहन ने 33 हजार वोल्ट के पोल को मारी टक्कर, बिजली आपूर्ति ठप

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़-ठाकुरगांव मार्ग स्थित हुरहुरी के पास एक बोलोरो पिकअप वैन ने 33 हजार वोल्ट के लोहे के पोल में टक्कर मार दी। जिससे लाईन बाधित हो गया। वहीं घटना के बाद चालक व उप चालक वैन छोड़ फरार हो गये। घटना मंगलवार की शाम 7 बजे की है। जानकारी के मुताबिक बोलोरो पिकअप वैन जे एच 01 डीएन-5675 ठाकुरगांव की ओर से काठीटांड़ की ओर से काफी तेज गति से आ रहा था। हुरहुरी के पास चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और बिजली के पोल को जबरदस्त टक्कर मार दी। घटना के बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गयी। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं बिजली कर्मी लाईन दुरूस्त करने में जुट गये हैं।

## पिठोरिया थाना क्षेत्र के डहुटोला में जमीन विवाद को लेकर गोली चली

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के डहुटोला में शाम लगभग 6 बजे जमीन विवाद को लेकर गोली चली। जानकारी के अनुसार आशीष साहू उर्फ पिंटू पिता झुबरा साहू की दादी बालो देवी के नाम से रातू अंचल में 1.5 एकड़ जमीन को गलत तरीके से पावर ऑफ अटार्नी कर बिक्री करने का आरोप है। जालसाजी की भनक लगते ही परिवार के अन्य सदस्यों ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर कुछ दिनों से परिवार में विवाद चल रहा था। मंगलवार शाम आशीष का विवाद पुनः अपनी चाची सुमन देवी से हुआ और उसने गोली चला दी। जिसमें सुमन देवी बाल-बाल बच गयी। पिठोरिया थाना पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया और छानबीन में जुट गई है। पिठोरिया पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## खलारी पीएचसी में निर्धारित बैठक में नहीं पहुंचे लोग, बैठक हुई स्थगित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** विकास जन समिति की बैठक मंगलवार को सुबह 11 बजे खलारी पीएचसी में होना था। परंतु बैठक में जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह एवं डॉ. इरशाद ही पीएचसी में पहुंच पाए। जिसके कारण बैठक को स्थगित कर दी गयी। इस संबंध में जिप सदस्य सरस्वती देवी ने बताया कि यह कमेटी खलारी की जनसमस्याओं को निदान को लेकर बनायी गयी है और प्रत्येक माह की 28 तारीख को निर्धारित की गयी है। उन्होंने खलारी के सभी प्रतिनिधि व प्रबुद्धजनों से आग्रह किया है कि आगामी बैठक में सभी लोग खलारी पीएचसी में समय पर अवश्य पहुंचें। खलारी का विकास की जिम्मेदारी हम सभी की है।

### कार्यक्रम : सीआइटी में मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के समूह को किया गया सम्मानित

तेजी से हो रहे वैश्विक विकास के दौर में ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या है, जिसपर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है : डॉ एमएस मलिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में विद्यार्थियों द्वारा ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेल बिइंग विषय पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विवि के फॉरेस्टरी डिपार्टमेंट के डीन डॉ एमएस मलिक ने प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडली के शिक्षकों ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडलों व पोस्टरों का अवलोकन कर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के समूह को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि तेजी से हो रहे वैश्विक विकास के दौर में ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है। जिसपर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये उन्होंने विभिन्न प्रकार के आयामों यथा सौर ऊर्जा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, विंड एनर्जी, बायो गैस, रिन्यूअल सोर्सेज को बढ़ावा देने आदि के प्रति लोगों को जागरूक होने की बात कही। पुरस्कार वितरण समारोह को प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी, डॉ एम एन बंधोपाध्याय, डॉ ए भट्टाचार्या, डॉ डीके सिंह आदि ने भी संबोधित किया। मालूम हो कि प्रदर्शनी का आयोजन संस्थान के सिविल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के तत्वाधान में किया गया।

मौके पर डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ रणवीर कुमार, आयोजक मंडली के शिक्षक डॉ मो. आसिफ इकबाल, डॉ नैयर मुमताज, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. तापस कुमार, प्रो. श्वेता सोनाली धाल के अलावे सभी विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन विद्यार्थी राधा रानी महतो एवं रोशन राज व धन्यवाद ज्ञापन सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. प्रशांकमणि ने किया।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांगता मेडिकल जांच शिविर लगा

शिविर में नेत्र रोग 21, ईएनटी 13 एवं आर्थो के 79 लोगों की जांच की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** उपायुक्त रांची के निर्देशानुसार कांके प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगता मेडिकल जांच शिविर लगाया गया। जांच शिविर में दिव्यांगजनों के सुविधा हेतु फॉर्म भरने के लिए अलग-अलग चार टेबल लगाये गये थे। जिसमें महिला पर्यवेक्षक, बीआरपी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही यूडीआईडी सर्टिफिकेट निबंधन हेतू 9 कंप्यूटर सहित ऑपरेटर लगाया गया था। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ एवं बहरापन से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद थे।

शिविर में कुल 113 लोगों की जांच हुई। जिसमें नेत्र रोग-21, ईएनटी-13, आर्थो-79 लोगों की जांच की गयी।

शिविर के सफल आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी शिलवंत भट्ट, सीडीपीओ मालती बेक, पशुपालन पदाधिकारी डा. सुदीप्ता बरियार, बीएओ नंदेश्वर दास, बीईओ सुरेश चौधरी, काजल विश्वकर्मा, सुमन प्रताप गांगुली, चंद्रकांत मुंडा, संजीव कुमार, आसफ अली खान, नेहा, सपना, रूबी, गीता कुमारी व विजय लिंडा की भूमिका सराहनीय रही।

# धार्मिक अनुष्ठान कर हुंडरू बाबा मंदिर का ढलाई कार्य का शुरू

समाज के लोगों से सहयोग लेकर मंदिर निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने की तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** हुण्डरु फॉल पर्यटन स्थल स्थित शिव मंदिर का ढलाई कार्य शुरू किये जाने से पूर्व मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर छत ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान स्थानीय पंडित बिंदु पांडे, भगत (पुजारी) गुहिराम बेदिया, कालिया भगत, फागु महतो, जितू बेदिया द्वारा संपन्न कराया गया। पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर समाजसेवी डॉ सचिमोहन कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, नित्यानंद बेदिया, बालेश्वर बेदिया, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, राज किशोर प्रसाद, प्रदीप सिंह मुण्डा, दसैंया बेदिया, शुभम बेदिया, चंद्रमोहन भोगता, रविलाल बेदिया आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर छत ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों ने शिवमंदिर ढलाई कार्य में श्रमदान किया और सभी के सहयोग से छत ढलाई का कार्य संपन्न हुआ। मंदिर कमेटी के द्वारा मंदिर को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए गुंबद का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए समाज के लोगों से सहयोग लेकर मंदिर निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। शिव मंदिर का ढलाई कार्य हेतु क्षेत्र के समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। इस कार्य में वार्ड सदस्य बबिता देवी, सुनिता देवी, लालो देवी, विष्णु कुमार बेदिया, धनंजय बेदिया, संजय बेदिया, महेश बेदिया, सूरज बेदिया, बृजेश भोगता, अजय बेदिया, शिवनारायण बेदिया, बुधराम बेदिया, रंजन बेदिया, नागेश्वर बेदिया, रामकुमार बेदिया, चंद्रोदय बेदिया, मनोज बेदिया, हरिचरण बेदिया, मेघनाथ बेदिया, राजेश महतो, अर्जुन कुमार, अमन बेदिया, सुलेंद्र बेदिया, मोहित बेदिया, महेशवर बेदिया रवि बेदिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### कार्यक्रम : बीडीओ ने की प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा

# विकास कार्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डॉ प्रवीण कुमार

आवास योजना से संबंधित सभी टेक्निकल समस्याओं के समाधान के लिए तीन सदस्यीय टीम का किया गया गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** विकास योजनाओं से संबंधित कार्यों में किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं को समय पर पूर्ण करना आपकी जिम्मेदारी है। उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में बीडीओ डा. प्रवीण कुमार ने कही। आवास योजना से संबंधित सभी टेक्निकल समस्याओं को सुधार करने के लिए एक तीन सदस्यीय टीम गठित की गयी तथा उन्हें निर्देश दिया गया कि अगर प्रखंड स्तर पर समस्या का समाधान हो तो कर लिया जाए और जिला स्तर में सुधार का मामला हो तो ऐसी स्थिति में जिला को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान किया जाए। वहीं बैठक में प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके लिए हर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। पंचायतों में पर्यवेक्षक के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। सभी पंचायत को कार्य पूर्ण करने के लिए टारगेट दिया गया। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि यह जरूरी है कि गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मुहैया की जाए, इसके लिए उपस्थित सभी रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम पांच योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। सभी पंचायत प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम एक सौ मजदूरों को कार्य देना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड में निमार्णाधीन सभी पंचायतों के पशु शेड को अति शीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी गई। आधार सीडिंग के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने की बात कही गई। सभी पंचायत में पूर्ण हुए एवं अधूरी सभी योजनाओं का जियो टैग करने और कार में प्रगति लाने की बात कही। मौके पर 15वें वित्त सहित अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई और उपस्थित सभी कर्मियों को अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, शाहरुख नदीम, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## प्रधानों की हर समस्या का समाधान करेगा प्रधान संघ : उमेश बड़ाइक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोदाग पंचायत सचिवालय में मंगलवार को नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान रांची जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाइक का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उमेश बड़ाइक और अर्जुन पाहन का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर उमेश बड़ाइक ने कहा कि प्रधान संघ का गठन प्रधानों की समस्याओं के समाधान के लिये किया गया है। प्रधान जहां अपनी-अपनी ग्राम सभाओं की समस्याओं का समाधान करेंगे तो वहीं प्रधान संघ प्रधानों को होने वाली समस्याओं का समाधान करेगा। कहा कि रांची जिला के ग्राम प्रधानों को एकजुट होना पड़ेगा तभी अपना जीत सरकार से अपनी मांग पूरा कर सकते हैं। साथ ही ग्राम प्रधानों के मानदेय पर चर्चा की गयी। मौके पर सुंदरा स्वांसी, कुवर कच्छप, मंगल कच्छप, देवी बड़ाइक, रमेश तिर्की, सुशील सांगा, जोसेफ तिडू, जगरनाथ मुंडा, रामसुर्य मुंडा, लक्ष्मण लकड़ा, योगेंद्र बाखला आदि ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## प्रदेश कार्यकारी सदस्य के निधन पर नेशनल पीपुल्स पार्टी ने जताया शोक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नेशनल पीपुल्स पार्टी ने रांची रेलवे कॉलोनी चाणक्य नगर निवासी बबलू महली के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव एवं सदस्यों ने कहा कि बबलू महली सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। सामाजिक मुद्दों का निपटारा करना इनका प्रमुख कार्य था। कहा कि थाना में प्रताडित किये जाने के बाद भी लोगों का आपसी लड़ाई झगड़ा का निपटारा करते थे। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कालिंदी ने कहा कि बबलू महली अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गये हैं। प्रदेश महासचिव अमर महतो ने प्रदेश कार्यकारी सदस्य के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि बबलू के निधन से पार्टी और समाज में अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से चुटिया कतारी बागान, रेलवे कॉलोनी के साथ आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है।

## नीरजा सहाय डीएवी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर याद किये गये सीवी रमन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी विद्यालय में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पूरे फरवरी माह चलने वाले विज्ञान माह का समापन हुआ। इस पूरे माह चलने वाले कार्यक्रम में विज्ञान आधारित कई क्रियाकलाप आयोजित किये गये। यथा सिम्पोज़ियम, संभाषण, अभिभाषण, मॉडल आदि जो विद्यार्थियों के खोजी चरित्र को विकसित करने में सहायक होंगे, किये गये। प्राचार्या किरण यादव ने इस प्रयास की सराहना की तथा सीवी रमण को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें एक नेचुरल जिनियस बताया। उन्होंने आगे कहा कि आज के युग में जब आदर्श चरित्रों की कमी है वहां सी वी रमण जैसे आदर्श हमें बच्चों के सामने रखने होंगे।

## अंजुमन गरीब नवाज खलारी बाजारटांड़ कमेटी का गठन, सदर मो अब्बास एवं सेकरेट्री शफीक अंसारी बने

**खलारी (आजाद सिपाही)।** अंजुमन गरीब नवाज खलारी बाजारटांड़ में नमाज के बाद एक मीटिंग सदारत हाजी ताउस खान की अध्यक्षता में की गई। मीटिंग में अंजुमन के सफल तरीके से चलाने के लिये एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में सदर मो. अब्बास, नाएब मो. मनव्वर आलम, सेक्रेट्री शफीक अंसारी, खजांची मो. नासीर अंसारी व स्टोर कीपर मो. साकीर अंसारी को बनाया गया। इसके बाद दुआखानी हुई और देश की अमन शांति के लिये दुआ मांगी गई। बैठक में मुख्य रूप से शेर खान, अयुब खान, महताब आलम, नजीम खान, अख्तर खान, अकबर खान, जाहीद अंसारी, ताहीर अंसारी, छोटु खान, इम्तियाज खान, रियाज अंसारी, अब्दुल रहमान, रियाज़ुल अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## खलारी थाना प्रभारी ने डीजे साउंड संचालकों के साथ की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना परिसर में क्षेत्र में बजने वाले डीजे साउंड को लेकर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर फरीद आलम ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के डीजे साउंड सिस्टम रखने वाले करीब 30 लोग उपस्थित हुए। बैठक में थाना प्रभारी ने उन्हें बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में रात दस बजे के बाद ध्वनि विस्तारक से तेज साउंड नहीं बजाना है। ध्वनि प्रदूषण से बचने के लिए मानक डेसीबल से अधिक तेज धवि नहीं बजाना है। इसके अलावा अश्लील गाने नहीं बजाना है। बताया कि नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी डीजे मालिकों ने नियम का पालन करने संबंधी शपथ ली।

## डीसी ने दिया अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी का आदेश

# अवैध खनन करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज कर भेजें जेल: डीसी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2023 के बाद अबतक अवैध परिवहन एवं खनन कर रहे कुल 39 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 8 लाख 08 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया है। वहीं कुल 2 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है।



समीक्षा के दौरान डीसी श्री दोड्डे ने सभी एसडीओ को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआइ और लाइसेंस प्राप्त किये जिला में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिले में अवैध खनन के साथ-साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी एसडीओ को आपस में समंवय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी किसी तरह के अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को अविलंब रूप से जब्त करने एवं जुर्माना वसूलने के बाद ही छोड़ने की बात कही। उन्होंने थाना प्रभारी व सीओ को संयुक्त रूप से बालू का अवैध खनन में रोकने के लिए अपना योगदान देने की बात कही। इसके अतिरिक्त उपायुक्त दोड्डे ने जिला खनन एवं परिवहन पदाधिकारी को सप्ताह में एक दिन छतरपुर इलाके में छापामारी करने के निर्देश दिये।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा एसपी चंदन कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी एनके गुप्ता, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश, वन एवं प्रदूषण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त प्रधान सहायक को दी भावपूर्ण विदाई

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के जिला नीलाम कार्यालय के प्रधान सहायक रेमेजियुस एक्का 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्ति हो गये। उनके सेवानिवृत्ति पर समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने उनके सुख में जीवन एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति नियुक्ति सामान्य प्रक्रिया है। इन्होंने बेदाग छवि के साथ विभिन्न सरकारी कार्यालयों में रहते हुए बेहतर कार्य किया। उपायुक्त ने कहा कि श्री एक्का ने अपने जीवन के 31 वर्ष सरकारी सेवा में दिये। इसी तरह अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, नीलाम पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर समेत अन्य ने विदाई समारोह में अपनी बातें रखीं। मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ अनवर हुसैन समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद राजकीय मध्य विद्यालय के प्रशाल में बिद्यालय के सहायक शिक्षक गौरी शंकर चौबे का सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह ने की जबकि संचालन शिक्षिका सुषमा पांडे ने किया। मौके पर सम्मानित अतिथि डीडीओ सुनील कुमार, एचएम सुरेंद्र कुमार सिंह डीडीओ हैदरनगर, श्रीराम सिंह, रामध्यान राम एचएम उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन काम गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें शाल, अंगवस्त्र एवं कलम डायरी भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने गौरी शंकर चौबे के द्वारा विद्यालय के शैक्षिक क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट कार्यों को याद किया एवं उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा किया, कहा कि ये अनुशासित एवं कर्त्तव्यपरायण शिक्षक के रुप में याद किये जायेंगे। वे सादगी के प्रतिमूर्ति थे। विद्यालय परिवार इनके विद्वता से अभिभूत है। इनका शेष जीवन आनंदमय, स्वस्थ एवं सुखमय बीते इसकी मंगल कामना की गयी। मौके पर रामवृक्ष राम, एचएम कन्हैया प्रसाद, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, इशरत हुसैन, शिक्षिकाओं में सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश उपस्थित थे।



# हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा में री-सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं: कमलेश सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक एवं एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भूमि एवं राजस्व विभाग की प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों अंचलों में भूमि के ऑनलाइन करने में भारी गड़बड़ी को दुरुस्त करने की मांग दोहरायी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद री सर्वे कराया जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि तीसरी बार मानसून सत्र के दौरान भी उन्होंने हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में री सर्वे कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है, जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने चौथी बार भी इस मामले में रटा रटाया जवाब दिया की कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए बंदोबस्त पदाधिकारियों से रोस्टर सहित संशोधित अधियाचना की मांग की गई है। विधायक ने कहा कि ढाई वर्ष से नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो सकी है। इस स्थिति में प्रभावित अंचलों के भूमि मालिको के बीच भूमि विवाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं।जिसे देखते हुए सरकार को तत्काल समाधान करने की जरूरत है। विधायक ने विभागीय मंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष से भी इस मामले में बात की है। उन्होंने भी समस्या के समाधान कराने का निर्देश विभागीय मंत्री को दिया है। विभागीय मंत्री जोबा मांझी ने पलामू के उपायुक्त से इस मामले में दूरभाष पर बात की। उन्होंने विधायक को बताया कि महीना में दो बार शिविर लगा कर म्यूटेशन समेत अन्य त्रुटि दूर की जायेगी।विधायक ने कहा कि अगर भूमि संबंधित ऑनलाइन की गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने की दिशा में तत्काल विभागीय कार्रवाई नहीं होती है, तो जनता सड़क पर उतर कर राजस्व विभाग का काम काज ठप्प करने को बाध्य होगी।

# प्रो. डॉ. आनंद कुमार बने एके सिंह कालेज के शिक्षक प्रतिनिधि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एके. सिंह कॉलेज, जपला में मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि के पद पर निर्वाचित हुए। मंगलवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के निदेर्शानुसार शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें मतदान सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रो. रेखा कुमारी सिंह, पीठासीन पदाधिकारी रवि कुमार तथा सहायक के रूप में लेखापाल ओम प्रकाश सिंह उपस्थित थे। आज के शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव में प्राचार्य सूर्यमणि सिंह सहित कुल 30 शिक्षकों ने अपना मतदान किया। चुनाव परिणाम आने पर डॉ. आनंद कुमार को कुल 18 मत तथा नजदीकी प्रतिद्वंदी प्रोफेसर शशिभूषण को 12 मत मिले। विजय की घोषणा के बाद प्राचार्य सूर्यमणि सिंह तथा मतदान निर्वाचन पदाधिकारी प्रो. रेखा कुमारी सिंह ने डॉ.आनंद कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान किया। उक्त अवसर पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने डॉ.आनंद कुमार को बधाइयां एवं शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बधाई देने वालों में डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. शशिभूषण सिंह डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. डॉ. इन्दिरा सिन्हा, प्रो. सुदीप कुमार, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो.अयूब, प्रो. हरेंद्र नारायण सिंह, प्रो.चंदन कुमार सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. डॉ. सुप्रिया जैन समेत कई शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों का नाम शामिल है।

# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में समस्याओं को लेकर आये आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में पंडवा के मझिगांव से आये जय सिंह ने उपायुक्त को बताया कि उनके भाई मनोज सिंह का हाथ कट गया है। जिसके वजह से भाई को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने भाई के इलाज में आर्थिक सहयोग करने के लिए अनुरोध किया। इसपर उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से मनोज सिंह को 5 हजार रुपये की मदद की। इसी तरह नावा बाजार के श्रीकांत राम ने डीसी के समक्ष बताया कि उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है जिसके तहत वो आवास निर्माण करा रहें है। आवास डोर लेवल तक पूर्ण हो गया है। अब मेरे गोतिया बंटवारा का हवाला देते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिये हैं अतः उन्होंने डीसी से आवास निर्माण पूर्ण करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अनुरोध किया। उपायुक्त ने पेंशन संबंधित सभी आवेदनों को तत्काल सामाजिक सुरक्षा विभाग को अग्रसारित कर अविलंब रूप से पेंशन प्रारंभ करने के लिए समाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को निर्देशित किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से पीएम आवास, बैंक खाता, राशन कार्ड, जमीन विवाद, उग्रवादी हिंसा, प्रमाण-पत्र संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उल्लेखनीय है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्यायें सुन उनका निराकरण करते हैं।




# प्रमंडलीय आयुक्त ने विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर लिया जायजा

## पलामू जोन के आइजी, पलामू डीसी, गढ़वा डीसी, डीडीसी आदि पदाधिकारियों ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो मंगलवार को आयुक्त कार्यालय एवं उपयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। आयुक्त श्री टोप्पो आयुक्त कार्यालय के अलावा प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, आरडीडीइ कार्यालय, पंचायती राज कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पंचायती राज कार्यालय सहित आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी-कर्मियो से वहां कार्यरत व्यक्तियों एवं उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त ने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी ली।



### आइजी सहित पलामू और गढ़वा के उपायुक्त ने की मुलाकात

आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो से आज पलामू जोन के आइजी राजकुमार लकड़ा, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव-सह-पलामू जिला के परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार आदि पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर आयुक्त के सचिव- सह-उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो उपस्थित थे।

### गार्ड ऑफ ऑनर

आयुक्त कार्यालय परिसर में आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत ने किया उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के टाउन हॉल के समीप नगर पंचायत हुसैनाबाद के प्रशिक्षण सभागार में मंगलवार को उद्यमिता बिकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी एवम कार्यपालक पदाधिकारी मो. परवेज आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। हुसैनाबाद नगर पंचायत द्वारा प्रायोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 50 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर बैंकों द्वारा प्राप्त ऋण को आप लोग अपनी आजीविका बढ़ाने में करे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत शहर के विकास के साथ-साथ दुकानदारों व आम लोगों को भी स्वरोजगार के क्षेत्र में हर संभव आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रशिक्षण आयोजक सूर्या एजुकेशन ट्रस्ट को निर्देश दिया की 6 दिवसीय प्रशिक्षण को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा करायें। उन्होंने बताया की विभिन्न बैंकों द्वारा सभी महिला स्वयं सहायता समूहों को डेढ़ लाख रुपये उपलब्ध कराये गये हैं। मौके पर ट्रेनर रंजीत कुमार, नारायण यादव, राकेश कुमार, धीरज कुमार, आदिल आलम, संजीत कुमार, सभी सीआरपी और सभी प्रशिक्षणार्थि उपस्थित थें। ट्रेनर के रूप में मनोज कुमार गुप्ता, उमेश राम, रंजित कुमार, नारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची) भू–अर्जन वाद संख्या–70/2021–22

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**''ईटकी सैन्टोरियम से मोरो-नारी-चंगनी पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य परियोजना''**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–मलटी, थाना संख्या –106, अंचल–ईटकी, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–''ईटकी सैन्टेरियम से मोरो–नारी–चंगनी पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य परियोजना'' हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/ मौजा– मलटी, थाना संख्या 106, अंचल–ईटकी, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा **0.740** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

मौजा–मलटी

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ. | द. | पू. | प. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 64 | 435 | टांड 2 | | 0.003 | आरीफ एकराम व अरकात एकराम व अरिज एकराम पिता स्व. एकरामुत हक | 434/1 | 437/3 | रास्ता | निज |
| 2 | 59 | 434/1 | टांड 2 | | 0.023 | आरीफ एकराम व अरकात एकराम व अरिज एकराम पिता स्व. एकरामुत हक | 434/2 | 435 | रास्ता | निज |
| 3 | 59 | 434/2 | टांड 2 | | 0.024 | उबैदुल्लाह व सैमड मो. असदुलाह पिता सैयद अबदुल्लाह | 433 | 434/1 | रास्ता | निज |
| 4 | 59 | 424/1 | टांड 2 | | 0.019 | नईम अंसारी पिता स्व. सावीर अंसारी | 422 | 433 | रास्ता | निज |
| 5 | 59 | 424/2 | टांड 1 | | 0.019 | साकोर अंसारी व नईम अंसारी सासोन्द अंसारी पिता स्व. सावीर अंसारी | 422 | 424/1 | रास्ता | निज |
| 6 | 156 | 421 | टांड 1 | | 0.113 | अब्दुल हनान पिता स्व. रहमत मियां व सकइया खातुन पति स्व. अब्दुल मनना | 417 | 422 | रास्ता | निज |
| 7 | 156 | 422 | मकान 1 सहन 1 | | 0.002 | अब्दुल हनान पिता स्व. रहमत मियां व सकइया खातुन पति स्व. अब्दुल मनना | 421 | 424 | रास्ता | निज |
| 8 | 136 | 414 | दोन 2 | | 0.002 | विनादीस | रास्ता | निज | 415 | 412/1 |
| 9 | 151 | 412/1 | दोन 3 | | 0.002 | मो. वसीम पिता स्व. सरफुल मियां | रास्ता | निज | 414 | 412/2 |
| 10 | 151 | 412/2 | दोन 3 | | 0.002 | मो. जुलकान अंसारी पिता आजाद अंसारी | रास्ता | निज | 412/1 | 412/3 |
| 11 | 151 | 412/3 | दोन 3 | | 0.003 | रमजान अंसारी पिता छोटू पान | रास्ता | निज | 412/2 | 411 |
| 12 | 18 | 389 | टांड 2 | | 0.001 | मो. समसुकहुआ व मो. कमहन्त हुदा पिता स्व. जीमल अंसारी वो. मो. सादिक अंसारी पिता स्व. अल्बास अंसारी | रास्ता | निज | 390 | 388/1 |
| 13 | 18 | 388/1 | टांड 2 | | 0.003 | मो. समसुकहुआ व मो. कमहन्त हुदा पिता स्व. जीमल अंसारी वो. मो. सादिक अंसारी पिता स्व. अल्बास अंसारी | रास्ता | निज | 389 | 388/2 |
| 14 | 18 | 388/2 | टांड 2 | | 0.003 | मो. इसमाईल मो. नेजारज पिता स्व. वसीर अली | रास्ता | निज | 388/1 | 387 |
| 15 | 10 | 387 | टांड 2 | | 0.023 | मो. इसमाईल मो. नेजारज पिता स्व. वसीर अली | रास्ता | निज | 388/2 | 385 |
| 16 | 07 | 72 | टांड 2 | | 0.026 | रामधन महतो व केश्वर महतो पिता स्व. हेरी महतो हरी महतो व मोती विना महतो | रास्ता | निज | 73 | 56/1 |
| 17 | 80 | 56/1 | टांड 2 | | 0.007 | तनमीर अंसारी पिता जमाल अंसारी | रास्ता | निज | 72 | 56/2 |
| 18 | 80 | 56/2 | टांड 2 | | 0.007 | ग्वास मियां पिता नेयामल मियां | रास्ता | निज | 56/1 | 56/3 |
| 19 | 80 | 56/3 | टांड 2 | | 0.007 | मो. आरीफ अंसारी वो असीम अंसारी पिता फकरुदी अंसारी | रास्ता | निज | 56/2 | 56/4 |
| 20 | 80 | 56/4 | टांड 2 | | 0.007 | रकीब अंसारी पिता स्व. असगर अंसारी नौसाद अंसारी पिता जहीर अंसारी | रास्ता | निज | 56/3 | 56/5 |
| 21 | 80 | 56/5 | टांड 2 | | 0.008 | नौसाद अंसारी पिता जहीर अंसारी | रास्ता | निज | 56/4 | 56/6 |
| 22 | 80 | 56/6 | टांड 2 | | 0.008 | समसेर अंसारी पिता स्व. खलील अंसारी | रास्ता | निज | 56/5 | 55 |
| 23 | 113 | 52 | टांड 2 | | 0.019 | गनसु महतो वो वासुदेव महतो पिता सुकरा महतो गणेश महतो पिता स्व. धनसु महतो | रास्ता | निज | 53 | 47 |
| 24 | 130 | 02 | टांड 3 | | 0.035 | बरदान कुजूर पिता स्व. इमानुएल कुजूर | रास्ता | निज | 3 | रास्ता |
| 25 | 82 | 03 | टांड 3 | | 0.001 | सुका पाहन पिता लंगवा पाहन | रास्ता | निज | 892 | 2 |
| 26 | 130 | 18 | टांड 3 | | 0.005 | सुका पाहन पिता लंगवा पाहन | 2 | सिवाना | निज | रास्ता |
| 27 | 59 | 433/1 | टांड 2 | | 0.016 | सकीम अंसारी अकोम अंसारी व नुरुनथी अंसारी व मकीम | 433/2 | 435 | रास्ता | निज |
| 28 | 59 | 433/2 | टांड 2 | | 0.017 | अब्दुल रजाक अंसारी वो मो. मुतीका अंसारी वो मो. मुर्शीद अंसारी पिता स्व. अनिमुदोव अंसारी | 422 | 433/1 | रास्ता | निज |
| 29 | 136 | 417 | परती कदीम | | 0.015 | लामा उरांव पिता सुमेर उरांव | रास्ता | निज | रास्ता | 416 |
| 30 | 136 | 416 | दोन 2 | | 0.037 | लामा उरांव पिता सुमेर उरांव | रास्ता | निज | 417 | 415 |
| 31 | 135 | 415 | दोन 2 | | 0.029 | मो. इकबाल व मो. नौसाद पिता कमालुदीन | रास्ता | निज | 417 | 414 |
| 32 | 151 | 411 | टांड 2 | | 0.001 | असलम अंसारी पिता स्व. वाहिद अंसारी | रास्ता | निज | 412 | 411/2 |
| 33 | 1 | 385 | टांड 2 | | 0.044 | मोला कलाम पिता स्व. सम्सु कलाम | रास्ता | निज | 387 | 384/1 |
| 34 | 1 | 384/1 | टांड 2 | | 0.027 | कलाम अंसारी वो जमाल अंसारी पिता स्व. हनिफ अंसारी | रास्ता | निज | 385 | 384/2 |
| 35 | 1 | 384/2 | टांड 2 | | 0.027 | मो. मुस्ताक जमील अख्तर पिता स्व. अजीमुदीन अंसारी वो निवासी निजग्राम | रास्ता | निज | 384/1 | 73 |
| 36 | 23 | 55/1 | टांड 2 | | 0.005 | तौहीद आलम पिता कुदरत आलम | रास्ता | निज | 56 | 55/2 |
| 37 | 23 | 55/2 | टांड 2 | | 0.005 | आजमुल दुधवाला | रास्ता | निज | 55/1 | 55/3 |
| 38 | 23 | 55/3 | टांड 2 | | 0.004 | मस्जीद | रास्ता | निज | 55/2 | 54/1 |
| 39 | 57 | 54/1 | टांड 2 | | 0.007 | रफीक अंसारी पिता सरफल हक अंसारी | रास्ता | निज | 56/3 | 54/2 |
| 40 | 57 | 54/2 | टांड 2 | | 0.006 | दुरफान अंसारी पिता जमील अंसारी | रास्ता | निज | 54/1 | 54/3 |
| 41 | 57 | 54/3 | टांड 2 | | 0.006 | मो. पीन अंसारी पिता स्व. ककरुदीन अंसारी | रास्ता | निज | 54/2 | 54/4 |
| 42 | 57 | 54/4 | टांड 2 | | 0.006 | इसराकील अंसारी पिता स्व. जमरुदीन अंसारी | रास्ता | निज | 54/3 | 54/5 |
| 43 | 57 | 54/5 | टांड 2 | | 0.007 | राजी मोहम्मद पिता स्व. लुकमान अंसारी | रास्ता | निज | 54/4 | 54/6 |
| 44 | 57 | 54/6 | टांड 2 | | 0.007 | अब्दुल मनान पिता उसमान | रास्ता | निज | 54/5 | 54/7 |
| 45 | 57 | 54/7 | टांड 2 | | 0.007 | मो. जलील पिता स्व. भुदु अंसारी | रास्ता | निज | 54/6 | 53/1 |
| 46 | 134 | 53/1 | टांड 2 | | 0.007 | इसराकील अंसारी पिता स्व. जमरुदीन अंसारी | रास्ता | निज | 54/7 | 53/2 |
| 47 | 134 | 53/2 | टांड 2 | | 0.007 | मो. समीम अंसारी व कुरवान अली पिता स्व. सैमुदीन अंसारी | रास्ता | निज | 53/1 | 53/3 |
| 48 | 134 | 53/3 | टांड 2 | | 0.007 | साहीद अंसारी पिता स्व. शेख वसली मियां | रास्ता | निज | 53/2 | 53/4 |
| 49 | 134 | 53/4 | टांड 2 | | 0.008 | साबीर अंसारी पिता स्व. सेख बसली मियां | रास्ता | निज | 53/3 | 52 |
| 50 | | 5 | टांड 2 | | 0.066 | सुका पाहन पिता लंगवा पाहन, मुधु उरांव पिता स्व. बुधु उरांव | रास्ता | निज | 47 | 892 |
| | | | | कुल | 0.740 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिश्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 291441 Land Reforms (22-23)_D

## तीन सूत्री मांग को लेकर अभाविप ने दिया धरना



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद इकाई ने मंगलवार को राजगंज इंटर कॉलेज प्राचार्य को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र पूरी नही करने पर अभाविप के पूर्व कार्यसमिति सदस्य सुमित प्रामाणिक के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य कार्यालय के बाहर धरना पर बैठ गये और जमकर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी किया। सुमित ने बताया कि ओरिजिनिल सर्टिपिकेट देने के नाम पर कॉलेज द्वारा एक सौ रुपया छात्रों से लिया जाता है, नवीकरण इमारत में होने वाली खर्च का बजट को सार्वजनिक होना चाहिए साथ ही छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था करने की मांग है। बाद में हो हंगामा देख प्राचार्य ने नोटिस बोर्ड पर सर्टिफिकेट के बदले किसी प्रकार का शुल्क नही लगने संबंधी कागज चिपका दिया, जिस पर छात्रों का हंगामा शांत हुआ। सदस्यों ने कहा कि अगर कॉलेज प्रबंधन द्वारा फिर से छात्र-छात्राओं पर शोषण करने की बात आयेगी तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी। कार्यक्रम का संचालन राजगंज नगर मंत्री सत्यम ठाकुर कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित प्रमाणिक, विद्यार्थी परिषद के निखिल दत्ता, भोला साहू, राहुल दे, आनंद साहब, केतन चौधरी, जगजीत, सोहेल अंसारी, वीरेंद्र पांडे, सौरव यादव, रामकुमार आदि मौजूद थे।

## वेदांता चैलेंज ट्रॉफी में इएसएल तीरंदाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता इएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा इंटर-एकेडमी वेदांता चैलेंज ट्रॉफी का आयोजन किया गया। डे बोर्डिंग चंदनकियारी, सेल अकादमी बोकारो, कस्तूरबा विद्यालय, होली क्रॉस, और वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के 70 से अधिक तीरंदाजों ने इस टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा की और अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। रफीक अंसारी सरपंच, चंदहा पशुपति महतो सरपंच, सियालजोरी, पिंटू सिंह सरपंच, सियालजोरी संतोष रवानी मुखिया, सियालजोरी, सीताराम महतो पूर्व मुखिया, सियालजोरी और राकेश कुमार मिश्रा उप प्रमुख, सीएसआर, इएसएल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। भाग लेने वाले प्रतिभागियों के कोच और अभिभावक ने अपनी उपस्थिति के माध्यम से समर्थन दिखाया। टूर्नामेंट के अंत में वेदांता इएसएल तीरंदाजी अकादमी को 8 स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य के साथ कुल 25 पदक हासिल और विजयी घोषित किया गया। डे बोर्डिंग चंदनकियारी कुल 13 पदक के साथ उपविजेता रही। राज्य के इस प्रतिष्ठित खेल तीरंदाजी के प्रति युवाओं के उत्साह को जीवित रखने के लिए वेदांता इएसएल का प्रयास सराहनीय है।

## लोयाबाद थाने में शांति समिति की बैठक



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** रंगों का त्योहार होली व शब ए बारात को लेकर मंगलवार की शाम लोयाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। थाना प्रभारी विकाश कुमार यादव की अध्यक्षता और चेंबर के सचिव सुनील पांडेय के संचालन में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में दोनो त्योहार शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुस्लिम कमेटी के सदर इंतियाज अहमद, विजेंद्र पासवान, राजेंद्र पासवान, एसएस प्रसाद, अनवर मुखिया, कृपाशंकर सिंह, सिपाही चौहान, गणेश साव, मो जहांगीर, शंकर केशरी, मो. आजाद, राजदेव राम, राजा यादव, एसआइ निरंजन महतो, एएसआइ सीपी मेहता, मंगरा उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ट्रैफिक और साइबर के प्रति किया जागरूक

**कतरास/तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** इस्ट बसुरिया पुलिस ने मंगलवार को ट्रैफिक नियमों एवं साइबर क्राइम को लेकर इस्ट बसुरिया मध्य विद्यालय में छात्र- छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। ओपी प्रभारी ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए विधार्थियों को बताया कि बिना हेलमेट के किसी भी सदस्य को बाइक चलाने नहीं दे और नबालिग बच्चों को कभी भी बाइक नहीं चलाना चाहिए। ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने साइबर अपराध की जानकारी देते हुए बताया कि किसी लालच में आकर अपना बैंक एकाउंट एवं ओटीपी शेयर न करें। इस कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं ने इस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार की कार्यशैली को खूब सराहा तथा बच्चों ने बीच बीच में स्कूल आकर प्रेरित करने का अनुरोध किया। ओपी प्रभारी ने आश्वस्त किया की बीच बीच अवश्य आऊंगा। मौके पर ओपी क्षेत्र के अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बोकारो स्टील को मिला प्रोडक्टिविटी एक्सेलेंस अवार्ड



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर में ओडिशा स्टेट प्रोडक्टिविटी काउंसिल द्वारा आयोजित प्रोडक्टिविटी सस्टेनेबिलिटी एंड ग्रीन ग्रोथ सम्मेलन में बोकारो स्टील प्लांट की 4 टीमों को प्रोडक्टिविटी एक्सेलेंस अवार्ड-2022 से नवाजा गया है। सम्मेलन में सीआरएम-1,2, सीओ एवं सीसी एवं एसएमएस-2 को 5 स्टार रेटिंग जबकि आइ एवं ए की टीम को 4 रेटिंग प्राप्त हुआ है। सीआरएम-1,2 की टीम में शामिल मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-1,2 दीपक कुमार तथा महाप्रबंधक (सीआरएम-1,2 अंजनी कुमार सिन्हा, सीओ एवं सीसी की टीम में शामिल सहायक प्रबंधक सीओ एवं सीसी लखविंदर सिंह तथा ऑपरेटर सीओ एवं सीसी दीपक कुमार बेहरा, एसएमएस-2 की टीम में सहायक महाप्रबंधक (एसएमएस-2 अरुण कुमार, वरीय प्रबंधक एसएमएस-2 अजय कुमार तथा ओसीटी एसएमएस-2 मृत्युंजय कुमार एवं आइ एवं ए की टीम में शामिल सहायक महाप्रबंधक (आइ एवं ए हरीश कुमार पाल तथा ओसीटी (आइ एवं एएम अनवर को ओड़िशा के विधायक एसआर पटनायक द्वारा एक्सेलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के समंवयन में नोडल विभाग आइइडी के महाप्रबंधक मितेश तथा प्रबंधक प्रीति प्रिया का अहम योगदान रहा।

# क्षतिग्रस्त पिलर और सड़क मरम्मत कार्य शुरू

## सड़क जाम की स्थिति, दोनों साइड 60 फीट तक गड्ढे

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** सेन्द्रा रेलवे पुल के नीचे बदत्तर हो चुकी सड़क का मरम्मती का कार्य रेलवे द्वारा मंगलवार को शुरू किया गया। दोनों तरफ के मरम्मती मे करीब एक सप्ताह लगने की संभावना है। सड़क मरम्मती के कारण पुल के दोनों तरफ लंबा जाम लग रहा है।जिसके चलते राहगीरो को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि इस समय विभिन्न स्कुल कॉलेजो मे परीक्षायें चल रही है। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस जाम के कारण कही परीक्षा ना छूट जाये। इससे हमलोगो की सालभर की मेहनत बर्बाद हो जायेगा। जब सड़क बनाना ही तो रात मे बनाया जाता। इस संबध मे जब काम करा रहे सड़क निर्माण के कर्मचारी से पूछे जाने पर बताया कि रात मे प्रर्याप्त मात्रा मे रोशनी की व्यवस्था नहीं है। वही सड़क की लेबलिंग मिलाने भी दिक्कत होगी। जाम ना लगे इसके लिए पुल के दोनों तरफ आदमी रखा गया है। कर्मचारी ने बताया कि पुल के दोनों साइड 60 फीट तक हुए गड्ढों को पीसीसी किया जा रहा है। करीब चार इंच ढ़लाई हो रहा है।वही जहां ज्यादा गड्ढ़ा है वहां ज्यादा माल दिया जा रहा है।ज्ञात हो कि पुल के दोनो तरफ काफी बड़े बड़े गड्ढ़े हो चुके थे।जिससे वाहनो चलाना बड़ी मुश्किल साबित हो रहा था।वही एक्सीडेंट होने की संभावना बनी रहती थी।

### कार्य में लापरवाही बड़ी घटना में हो सकती है तब्दील

16 फरवरी को इसी पुल के एक बड़ा बीम गिर गया था जो कि काफी मशक्कत के बाद उसे चढ़ाया गया था।मंगलवार को उसी बीम के पास उपर में पीलर का मरम्मती कार्य किया जा रहा था।कार्य के दौरान मिस्त्री द्वारा किसी प्रकार का सेफ्टी का प्रयोग नही किया जा रहा था।एक हाथ से उसी बीम को पकड़कर काम कर रहा था।रेलवे पुल सड़क से करीब 40 फीट ऊंचा होगा।कार्य कर रहे मिस्त्री का जरा भी संतुलन अगर बिगड़ा तो एक बड़ा हादसा से इंकार नही किया जा सकता है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# घनी आबादी के बीच कचरा गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** धनबाद में आग की घटना ने लोगों के अंतर्मन में खौफ पैदा कर दिया। जिले में कही भी अगलगी की घटना से पूरे जिले में सनसनी फैल जा रही है। ताजा मामला मंगलवार की अहले सुबह महुदा मोड़ स्थित गोपाल महतो के कचरा गोदाम में भीषण आग लगने की आई। आग की लपटों और धुआं को देख स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को दिया। इसके बाद दमकल वाहन टीम के साथ पहुंची। घंटो जद्दोजहद करने के बाद आग पर काबू पाया गया। इस बीच कचरा गोदाम के आसपास स्थित घर वाले बिजली कनेक्शन काट कर बाहर की तरफ भाग निकले। स्थानीय लोग भी अपना सामान लेकर इधर-उधर भागने लगे। वहीं महुदा पुलिस ने आस-पास के दुकानों व घरों को खाली करवाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली। लेकिन आगलगी लाखों की संपत्ति जल कर खाक हो गई।आग पर काबू पाने के लिए कुल 9 दमकल गाड़ियां व 4 पानी टेंकर लगे थे। इधर ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घनी आबादी के बीच कचरा गोदाम चल रहा है, जो सही नहीं है, कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है।

### घनी आबादी के बीच कचरा गोदाम से स्थानीय लोग नाराज

घटना की सूचना पाकर बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू,महुदा अंचल इंस्पेक्टर प्रभात कुमार सिंह, थाना प्रभारी गंगासागर ओझा, कांड्रा ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो पहुंचे थे। जहां ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं लाखों की संपत्ति के नुकसान होने की बात बताई जा रही है। गोदाम के अंदर रखे कई मशीन भी जलकर राख हो गया है। इधर, इस घटना से महुदा मोड़ सड़क से नवागढ़ मार्ग में जाम की स्थिती उत्पन्न हो गई थी वहीं कचरा गोदाम के संचालक महुदा मोड़ निवासी गोपाल महतो ने बताया कि आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा कमरे में दो मशीन थी की कीमत करीब 25 लाख रुपये थी। जो जलकर राख हो गया।

## झरिया में अखिल भारतीय नाइ ब्राह्मण महासंघ का होली मिलन समारोह



**झरिया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय नाई ब्राह्मण महासंघ, झरिया द्वारा मंगलवार को धर्मशाला रोड स्तिथ प्रेस क्लब में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झरिया इंस्पेक्टर पीके झा उपस्थित थे। व्यास संजय पासवान द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। उपस्थित जनों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा व गले मिलकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर झरिया इंस्पेक्टर पीके झा ने कहा कि होली आपसी सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। इसे सभी को शांतिपूर्वक मनाना चाहिए। रंग गुलाल हमे जीवन के कई रंगों से रूबरू कराता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए नशे से बचने की बात कही। मौके पर अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, सचिव राजकुमार ठाकुर, उप सचिव रामाशीष शर्मा, चुनचुन ठाकुर, विजय नाई, निरंजन कुमार ठाकुर, लालधानी शर्मा,बालेश्वर हजाम, रामचंद्र ठाकुर, लालू ठाकुर, गौतम ठाकुर, उमंग ठाकुर, शम्भू ठाकुर, दीपक ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, उत्तम ठाकुर, राजू ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, सुदामा ठाकुर, संजय शर्मा, कृष्णा ठाकुर, प्रभु ठाकुर, सुखदेव ठाकुर, मनु शर्मा, नागेश्वर ठाकुर, विक्की ठाकुर,गोपाल ठाकुर उपस्थित थे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभाष शर्मा,डॉ दिलीप कुमार, डॉ अभिमन्यु शर्मा, राजेंद्र ठाकुर, रामप्रवेश ठाकुर आदि शामिल थे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में मनायी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

# डॉ राजेंद्र प्रसाद आधुनिक भारत के निर्माता थे: संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी,भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारतरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने डॉ राजेंद्र बाबू के तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उनके विशद व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन-चरित्र से सीख लेने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र बाबू निसंदेह आधुनिक भारत के निर्माता थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में उन्होंने अतुलनीय भूमिका निभायी। वे देश के प्रति सदैव समर्पित रहे और उनकी सोच भारत को मजबूत बनाने के साथ-साथ स्वतंत्र और पूरी दुनिया के देशों में भारत सबसे आगे की ओर अग्रसर हो थी। इनके द्वारा देश को एकता और भाईचारे को एक सूत्र में बांधने का प्रयास काफी अनुकरणीय रही है, उनका सादा जीवन और उच्च विचार के सिद्धांत पर आधारित उनका जीवन देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेंद्र सिंह योगी, लक्ष्मण तिवारी, राजेश्वर सिंह यादव, सीता राणा, जाहिर अंसारी, पप्पू पासवान, पप्पु सिंह, पप्पु कुमार तिवारी, प्रसाद नीधि, बब्लु दास, रामचंद्र शर्मा, प्रदीप पांडे, अजय कुमार, मो असद, कलीम, अनिल सिंह, सिकंदर-ए-आलम, अरविंद सैनी, निवारण महतो, सोनी सिंह, नुतन कुमारी, सोनी कुमारी, रवि दत्ता, विशाल चौधरी, प्रेमचंद कुमार, मो अजहरुद्दीन, गोविंद नारायण सिंह, मंजूर आलम, सुजीत कुमार, आबिद अंसारी, जितेंद्र कुमार बिंद, सूरज झा, उत्तम शर्मा, संजय राम, कुलदीप प्रमाणिक, विकी कुमार राम सहित दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद थे।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** होली और शब ए बारात को लेकर निरसा थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीतांबर सिंह खेरवार और मैथन ओपी में सर्किल इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव के साथ निरसा सीओ नितिन शिवम गुप्ता उपस्थित थे। दोनों बैठक में शांति समिति के सक्रिय सदस्यों के अलावे जनप्रतिनिधि एवं पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस दौरान होली त्यौहार एवं शब ए बारात को लेकर जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा लगाये गये प्रतिबंध के विषय में जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा की डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध के बाबजूद भी डीजे पर अश्लील गाने बजाते हुए पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## दिवंगत पत्रकार की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ की ओर से मंगलवार को निरसा प्रखंड कार्यालय के सभागार में दिवंगत पत्रकार मुकेश श्रीवास्तव की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों के द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद और संचालन सचिव संजय सिंह ने किया। मौके पर इंद्र देव प्रसाद, संजय सिंह,हरिहर प्रसाद सिंह, संजय सिंह अवध किशोर, अनिमेष कुमार, बीके सिंह, अजीत साधु,अरविंद कुमार सिंह,अरिंदम चक्रवर्ती, दिपक सिह, बीरेंद्र सिंह, विश्वजीत पांडे, विजय सिंह, हीरालाल मंडल इत्यादि पत्रकार गण उपस्थित थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अंतर्गत हेरहंज थाना कांड सं0-34/17, दिनांक -16.10.2017,धारा-147/148/149/353/324/307 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट एवं 13 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रौशन जी उर्फ रौशन उरांव उर्फ दशरथ उरांव पे0 स्व0 धनु उरॉव सा0 सुईयाटांड थाना टंडवा, जिला चतरा के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त प्राथमिकी अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | रौशन जी उर्फ रौशन उरांव उर्फ दशरथ उरांव पे0 स्व0 धनु उरॉव सा0 सुईयाटांड, थाना टंडवा, जिला चतरा |

ह0/-

PR.NO.291406 Police(22-23):D

पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

## झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन_निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-599 — राँची, दिनांक 27.02.2023

एतद् द्वारा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय के उपयोग हेतु निम्नांकित सामग्रियों का इच्छुक राज्य में निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से दर आमंत्रण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की जानकारी विभागीय पोर्टल http://schooleducation.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है। कोटेशन सीलबन्द लिफाफा में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, एम0डी0आई0 भवन, धुर्वा, राँची के कार्यालय में दिनांक 13.03.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक अवश्य उपलब्ध कराया जाय।

| क्र0 | सामग्री का नाम | दर प्रति ईकाई (GST सहित) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Laserjet Duplex Computer Printer (Black & White) | 01 Pc. | 13.03.2023 5:00 PM |
| 2 | Laserjet Colour Computer Printer | 01 Pc. | |
| 3 | Xerox Machine Platen Size A3 Print/Copy B/W, Speed A4 25 Pages/Minute A3 14 Page/Minute Automatic Duplex Print, Colour Scan upto A3 to Computer and Direct Scan to Pendrive | 01 Pc. | |
| 4 | Digital Duplicator A4 Size Machine Single Drum, Sheet Feed, 300x600 dpi, Speed 60 to 130 ppm, Pendrive Printing, Computer Interface – USB | 01 Pc. | |

**Terms & Conditions:**

1) The firm must have valid Jharkhand GST Registration Certificate.
2) All items of the tender are to be mandatorily quoted and the L1 will be considered on the composite value of the tender.
3) The firm must have a local office in Ranchi.
4) Once P.O. is given the firm must supply the items within 3 days.

ह0/-
(सुनील कुमार)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड,
एम0डी0आई0 भवन, तृतीय तल, धुर्वा, राँची।

PR 291389 School Education and Literacy(22-23)D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
## कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गिरिडीह

E-Mail ID–grdsco@gmail.com

### अनुदानित दर पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0-62 दिनांक 01.02.2023 में वित्तीय वर्ष 2022-23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization(SMAM) उपयोजना अन्तर्गत कृषि उपकरण बैंक स्थापना के तहत् योजना का कार्यान्वयन हेतु स्वयं सहायता समूह/Enterpreneurs/Lamps/FPOs/Pacs/Village Organization(V.O)/कलस्टर फैडरेशन को कुल लागत राशि प्रति कृषि उपकरण बैंकी की कुल पैकेज राशि 10,00,000/- (दस लाख) रूपया का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान की राशि 8,00,000/- (आठ लाख) रूपये पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु आवेदन फॉर्म में आवेदन आमंत्रित की जाती है।

गिरिडीह जिले को OSP मद में कुल 08 SCSP मद में कुल 07 समूहों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। **दिनांक 11.03.2023** तक भूमि सरंक्षण कार्यालय गिरिडीह में कार्यालय दिवस में आवेदन फार्म पूर्ण रूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।

कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु पैकेज तैयार करने हेतु कृषि यंत्रों की सूची निम्न प्रकार से होगी:-

| S. No. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mini Tractor (20.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. | 10.00 | 8.00 | भौतिक लक्ष्य ओ०एस०पी० – 8 एस०सी०एस०पी० – 7 |
| 2 | Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power-ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI Letter with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | |
| 3 | Self Propelled Rice Transplanter | | | |
| 4 | Self Propelled Reaper | | | |
| 5 | Rice Huller with Polisher | | | |
| 6 | Mini Rice Mill | | | |
| 7 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (3.0-4.0 ft) | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes) | | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible Disc Horrow (8-10) | | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible Paddy Thresher | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Wheat Thresher | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 14 | Mini Tractor Compatible Universal Mounting Frame | | | |
| 15 | Post Harvest Equipments – Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 16 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 17 | Centrifugal Pumps with Suction Pipe 5-8 Kw Compatible Power Source | | | |
| 18 | 63mm/75mm HDPE Pipe Maximum upto 500 Feet (BIS Certification) | | | |
| | Total Cost | 10.00 | 8.00 | |

**लाभुक का चयन की पात्रता:-**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवडीहुड प्रोमशन सोसाईटी से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिले में स्वयं सहायता समूहों की विवरणी ससमय प्राप्त नहीं होने पर अन्य संस्थाओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों/Enterpreneurs/Lamps/Pacs/FPOs/Village Organization (V.O.)/कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों को योजनान्तर्गत आच्छादित किया जायेगा। प्रत्येक समूह में कम से कम 10-12 सदस्य होना आवश्यक है।
2. जिन समुहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
3. जिन कृषक समूहों एवं कृषकों को कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना(केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य याजना) के माध्यम से कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
4. अनुमोदित कृषक समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के क्रम में कृषि यंत्रों के क्रय हेतु निर्धारित न्युन्तम दर का 80 प्रतिशत (अधिकतम 800000.00 लाख रू0) अनुदान की राशि को छोड़कर शेष अंशदान की राशि समूह द्वारा उनके बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय, गिरिडीह को दिया जोयेगा।
5. कृषक समूहों एवं कृषकों के अंशदान की राशि संबंधित आपूर्तिकत्ताओं के बैंक खाते में बैंक ड्रफ्ट या RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराये जाने के पश्चात संबंधित लाभुक से लिखित आपूर्ति आदेश, घोषण-पत्र के रूप में आपूर्तिकर्त्ता को देंगे एवं साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय में जमा कराये जायेंगे।
6. लाभुक समूहों या कृषकों द्वारा यह भी घोषणा किया जायेगा कि 3 वित्तीय वर्षो तक कृषि उपकरण बैंक के तहत् पैकेज में प्राप्त कृषि यंत्रों को किसी अन्य को विक्रय/स्थानांतरित नहीं किया जायेगा।
7. भूमि संरक्षण कार्यालय, गिरिडीह एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय गिरिडीह से आवेदन निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

**विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता- भूमि संरक्षण कार्यालय, गिरिडीह जलछाजन भवन सदर प्रखण्ड परिसर, सिरसिया, गिरिडीह।**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 291482 Agriculture(22-23)#D



रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने सोमवार को मुंबई में ओड़िशा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की।

# दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल होनेवाले किस छात्रों का बना रिकॉर्ड



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 मार्च से आयोजित की जा रही ओडिशा मैट्रिक परीक्षा 2023 में रिकॉर्ड संख्या में किस के 1900 छात्र शामिल हो रहे हैं। किस जो दुनिया में आदिवासी बच्चों के लिए सबसे बड़ा संस्थान है, छात्रों को मुफ्त में रहने के साथ-साथ शिक्षा भी प्रदान करता है। बोर्ड परीक्षा के अलावा, 1580 छात्र उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई) + 2 बोर्ड परीक्षा में भी शामिल होंगे, जो 1 मार्च से शुरू हो रही है। कला वर्ग में 635 ,कॉमर्स स्ट्रीम में 457 और साइंस स्ट्रीम में 488 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की पूर्व संध्या पर, किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने छात्रों की सफलता की कामना की और उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने के लिए कलम वितरित की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किस में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होगी।

# वेदांता एल्युमिनियम के युवा कौशल विकास कार्यक्रम 'सफल' का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम निर्माण कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा के युवाओं के लिए एक व्यापक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के तहत कंपनी ने कटक स्थित छतिया में अशोक लेलैंड एचएमवी ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सोसाइटी फॉर ओड़िशा सरकार की सहभागिता में ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।



इस कार्यक्रम के तहत वेदांता एल्युमिनियम स्थानीय युवाओं को क्रमशः 21-दिवसीय और 31-दिवसीय आवासीय ड्राइविंग प्रशिक्षण भारी मोटर वाहनों और हल्के मोटर वाहनों के लिए प्रदान कर रहा है। सकारात्मक ड्राइविंग की आदतों के आधार पर, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रैफिक नियमों, मौलिक वाहन रखरखाव और आपातकालीन नियंत्रण तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रयास करता है।

कातीकेला, झारसुगुड़ा, भोला पड़ा और अन्य गांवों के 19 प्रशिक्षुओं के पहले बैच ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। एचएमवी/एलएमवी ड्राइवर बनने के इच्छुक कई युवा महिलाओं और पुरुषों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कंपनी की फिलहाल सक्षम के तहत इस तरह के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना है।

इस कौशल विकास कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए सुनील गुप्ता सीइओ-वेदांता लिमिटेड, झारसुगुड़ा ने कहा कि वेदांत एल्युमीनियम स्थानीय निवासियों को अपनी स्थायी आजीविका बनाने के अवसर प्रदान करता है और युवाओं को उनके विकास में मदद करता है।

# भौतिकी संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 के उत्सव के एक भाग के रूप में, भौतिक विज्ञान संस्था ने संस्थान के परिसर में 28 फरवरी को एक ओपन डे का आयोजन किया। इस दिन भर चलने वाले कार्यक्रम में शामिल प्रमुख गतिविधियों में संस्थान के सभागार में लाइव डेमो प्रोजेक्ट, प्रयोगशाला का दौरा, पोस्टर प्रस्तुतीकरण और वैज्ञानिक मूवी प्रदर्शन शामिल थे। लगभग 700 से अधिक छात्रों, 30 से अधिक संस्थानों के शिक्षकों ने भौतिक विज्ञान संस्था का दौरा किया और वैज्ञानिक कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह का मुख्य उद्देश्य विज्ञान को सामने लाना, हमारे राज्य के लोगों में वैज्ञानिक भावना और मनोवृत्ति को जागृत करना था। इस वर्ष उत्सव का विषय विश्व विज्ञान विश्व के भलाई के लिए था। उक्त थीम पर कई लाइव डेमो का प्रदर्शन किया गया।




## जिंदल स्टेनलेस और सीआइआइ ने क्षरण प्रबंधन के लिए किया समझौता

# राष्ट्रीय मिशन पर साथ मिलकर काम करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** क्षरण की समस्या दूर करने और क्षरण के प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जिंदल स्टेनलेस ने आज भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के साथ क्षरण प्रबंधन पर राष्ट्रीय मिशन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौते पर जिंदल स्टेनलेस के निदेशक विजय शर्मा और सीआइआइ के कार्यकारी निदेशक तथा सीआईआई-प्रतिस्पर्धात्मकता-उत्कृष्टता केंद्र के प्रमुख पिकेंदर पाल सिंह ने नीति आयोग के सदस्य तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ वीके सारस्वत, केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रुचिका गोविल, जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल और सीआईआई-क्षरण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ कामाची मुदाली की मौजूदगी में हस्ताक्षर किया। इस समझौते के लिए जिंदल स्टेनलेस ने दो करोड़ रुपये से अधिक की आरंभिक राशि अलग रखी है।




डॉ वीके सारस्वत ने कहा कि क्षरण की लागत सभी क्षेत्रों में निषेधात्मक है। हमें वास्तविक समय (रीयल टाइम) के आधार पर क्षरण का आकलन करने के लिए उच्च फिडेलिटी मॉडल की जरुरत है ताकि हम क्षरण अनुमान के क्षेत्र में प्रतिगामी से प्रगतिशील तरीकों की ओर बढ़ सकें।

रुचिका गोविल ने कहा कि मुझे खुशी है कि कि हम क्षरण के कारण होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए एकजुट हुए हैं। इस्पात मंत्रालय को लगता है कि क्षरण के खिलाफ इस विमर्श में शामिल होना जरूरी है, क्योंकि जब संदूषण और रिसाव होता है, तो इससे सबसे अधिक हनन स्टील की छवि का होता है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि क्षरण हमारे जीवन के सभी क्षेत्रों, बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और पूंजी निवेश के नुकसान से लेकर प्रदूषण आदि के संदूषण तक को प्रभावित करता है। अनुमान के मुताबिक, हर साल क्षरण से भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद के लगभग चार प्रतिशत के बराबर नुकसान होता है। क्षरण से प्रभावित परिसंपत्तियों का रखरखाव और इनकी जगह नयी परिसंपत्ति का निर्माण हमारी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए प्रमुख अवरोधक हैं। जिंदल स्टेनलेस अपनी स्थापना के समय से ही सम्बद्ध पक्षों, फैब्रिकेटरों और अन्य उद्योगों को संवेदनशील बनाने से लेकर सरकार के विभिन्न चरणों और प्रमुख निर्णयकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न तरीके से इस उद्देश्य की दिशा में काम कर रही है। सीआईआई के साथ यह साझेदारी हमारे मूल उद्देश्य की दिशा में एक स्वाभाविक गठबंधन है।

कामाची मुदाली ने कहा कि क्षरण से बचाव के उपायों को लागू कर हम क्षरण से होने वाले नुकसान में कम से कम 25 प्रतिशत कमी कर सकते हैं जिससे तकरीबन तीन लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है।













## अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम गोल्फ टूर्नामेंट 2022-23 आयोजित

# एमसीएल ने टूर्नामेंट की चैंपियनशिप जीती

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम गोल्फ टूर्नामेंट 2022-23 की चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती है, जबकि पारादीप पोर्ट अथॉरिटी और एनएलसी इंडिया लिमिटेड की टीमें क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं। एम नागराजू, आइएएस, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव ने शनिवार को अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम गोल्फ टूर्नामेंट 2022-23 का उद्घाटन किया।




महानदी गोल्फ क्लब कोर्स में अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में तथा एमसीएल के मेजबानी से आयोजित इस टूर्नामेंट में 9 पीएसयू के 52 गोल्फरों ने प्रतिभागिता की थी। पुरस्कार वितरण समारोह में एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, सीवीओ, एमसीएल, जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) भी उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता टीम एवं खिलाडियों को पुरसकार प्रदान किया। एमसीएल के टूर्नामेंट जीतेंद्र कुमार, भागवत नायक, विनायक डी जामवाल और एसके भोइना को लेकर गठित टीम ने टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती, जबकि पारादीप पोर्ट अथॉरिटी के सर्वश्री बबलू सिकदर, दीपक कुमार सारंगी, एसी सुतार और डीएन सोंधी को लेकर गठित टीम ने प्रथम रर्नसऑप का खिताब जीता जबकि और एनएलसी इंडिया की ओर से के मनोहरन, जे विश्वनाथन, पी रमेश और पी सेतुमाधवन को लेकर गठित टीम ने द्वितीय रर्नस ऑप जीता।










# संबलपुर मंडल की पुष्प प्रदर्शनी का समापन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल द्वारा अधिकारी क्लब, रेल नगर, संबलपुर में दो दिवसीय (25 और 26 फरवरी) पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। पुष्प प्रदर्शनी के समापन समारोह में संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह मुख्य अतिथि और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर की अध्यक्ष श्रीमती अंजनी सिंह और संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों, पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन के सदस्यों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों, आम जनता और बड़ी संख्या में फूल प्रेमियों ने पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**